RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 65 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,मंगलवार, 01 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से की मुलाकात पश्चिम एशिया में तनाव पर जताई चिंता

### बिश्केक में एससीओ समिट में मिले

एजेंसी। बिश्केक



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-ईरान संबंधों के साथ-साथ पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम और तेजी से बदलती क्षेत्रीय स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत के इस निरंतर रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मोदी ने नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। उन्होंने वाणिज्यिक जहाजों और समुद्री कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता भी रेखांकित की। प्रधानमंत्री ने बहुपक्षीय संगठनों, विशेष रूप से ब्रिक्स और एससीओ में ईरान के साथ भारत के करीबी सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने राष्ट्रपति पेजेश्कियन को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि वह उनकी भारत यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान से भी मुलाकात की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए इसे शानदार मुलाकात बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आर्मेनिया के बीच रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा और फार्मास्यूटिकल्स समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। आने वाले समय में दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को भी और मजबूत किया जाएगा।

### पीएम मोदी ने बिश्केक में महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि भारत से जुड़ाव रखने वाले लोगों से भी की मुलाकात



**बिश्केक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों का हमारे मन-मस्तिष्क पर हमेशा अद्वितीय प्रभाव रहेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि उन्होंने ऐसे लोगों के एक समूह से मुलाकात की, जिनका भारत के साथ गहरा जुड़ाव है। इनमें प्रमुख भारतीय प्रवासी, पर्यावरण के प्रति जागरूक लोग, योग साधक, शिक्षाविद, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के पूर्व छात्र तथा शोधकर्ता शामिल थे। मोदी ने भारत के साथ इस निरंतर जुड़ाव पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से एक योग साधक का उल्लेख किया, जो वर्ष 2026 में अहमदाबाद में आयोजित पहले विश्व योगासन चैंपियनशिप में शामिल हुआ था और वहां पदक जीता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से योग को दुनियाभर में बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच इस तरह का जुड़ाव उत्साहजनक है। मोदी इस समय किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सदिर जापारोव के निमंत्रण पर 26वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए किर्गिस्तान की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण वर्ष 2015 में किया था।

## केंद्र सरकार ने 1.27 लाख करोड़ रुपये की सेमीकॉन 2.0 योजना किया अधिसूचित

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने देश में चिप विनिर्माण के पूरे तंत्र को बढ़ावा देने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली सेमीकॉन 2.0 योजना को अधिसूचित किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जुलाई 2026 में इस योजना को अपनी मंजूरी दी थी। इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को सेमिकॉन 2.0 स्कीम से संबंधित आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी की। इस अधिसूचना के अनुसार योजना का उद्देश्य डिजाइन से लेकर मशीन, कच्चा माल, फैब्रिकेशन, टेस्टिंग और रिसर्च तक पूरी सप्लाई चेन तैयार करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में सेमीकॉन 2.0 के सभी छह स्तंभों पर बोलते हुए कहा, "वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग के हितधारकों में यह दृढ़ विश्वास है कि आने वाले दशकों में बड़े निवेश के लिए भारत सही जगह है। उन्होंने आगे बताया कि सेमीकॉन 1.0 के तहत स्वीकृत इकाइयों की संख्या और अनुमोदन से लेकर शिलान्यास और फिर वाणिज्यिक उत्पादन तक की गति से यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है। एक मामले में, शिलान्यास के 13 महीनों के भीतर ही वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो गया। वैष्णव ने कहा कि कई मामलों में, सभी स्वीकृतियां पहले 200 दिनों या 150 दिनों के भीतर ही दे दी गईं, और एक मामले में तो 90 दिनों के भीतर ही। इस गति ने वैश्विक उद्योग को बहुत भरोसा दिलाया है। पूंजीगत व्यय सहायता वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी है, वहीं प्रतिभा, नीतिगत निश्चितता और काम करने में आसानी के कारण भारत को अपना आधार बनाने में उद्योग की रुचि ने हमारे निर्णय लेने में योगदान दिया है। अधिसूचना के मुताबिक इस योजना को छह खंडों में बांटा गया है जिनमें भारतीय कंपनियों द्वारा चिप डिजाइन, चिप उत्पादन के लिए जरूरी पूंजीगत उपकरण बनाने वाली इकाइयों की स्थापना, सेमीकंडक्टर विनिर्माण, चिप असेंबली, पैकेजिंग और साथ में परीक्षण आदि शामिल हैं। अधिसूचना में कहा गया, ''सरकार ने भारत में सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण परिवेश के विकास के लिए सेमीकॉन 2.0 योजना अधिसूचित करके सेमीकंडक्टर क्षेत्र को निरंतर नीतिगत समर्थन देने का फैसला किया है।'' इसमें कहा गया है, ''सेमीकॉन 2.0 चिप डिजाइन, विनिर्माण तथा पैकेजिंग से लेकर सेमीकंडक्टर परिवेश के विभिन्न खंडों तक सेमीकंडक्टर उद्योग की समग्र मूल्य श्रृंखला को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। इस अधिसूचना में कहा गया, ''इसे हासिल करने के लिए विभिन्न प्रकार के कंप्यूट, मेमोरी, आरएफ, पावर, नेटवर्किंग, सेंसर आदि के लिए मानक आईपी समेत आवश्यक आधारभूत प्रौद्योगिकी घटक विकसित किए जाएंगे।'' इस योजना का लक्ष्य राष्ट्रीय रणनीतिक एवं महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए लक्षित प्रौद्योगिकियों के डिजाइन, विकास तथा इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए मजबूत, विश्वसनीय और स्वदेशी सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियां विकसित करना है।


## संक्षिप्त समाचार

### राजनाथ ने नेपाली दूतावास पहुंचकर बाढ़ से हुई जनधन की हानि पर दुख जताया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेपाली दूतावास पहुंचकर नेपाल में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से हुई जन-धन की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया। दूतावास में रखी शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने भारत सरकार और भारतीय जनता की ओर से नेपाल सरकार तथा समस्त नेपाली जनता के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। बाढ़ में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि इस अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा ने नेपाली नागरिकों के साथ-साथ भारतीय और अन्य विदेशी नागरिकों को भी प्रभावित किया है।अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर उन्होंने लिखा, "इस आपदा में जान गंवाने वालों के परिवारों के लिए हमारी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं हैं। साथ ही हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। नेपाल और भारत के बीच गहरे संबंधों का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि भारत हमेशा नेपाल के 'सुख-दुख का साथी' रहा है। उन्होंने कहा, "एक करीबी मित्र और साझेदार के रूप में भारत हमेशा नेपाल के साथ खड़ा रहा है।

### प्रणब बाबू ने राजनीति के जरिए राष्ट्र और समाज की अनुकरणीय सेवा की



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न प्रणब मुखर्जी के स्मृति दिवस पर उन्हें विनम्र अभिवादन। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने एक्स पर लिखा, लोकप्रिय राजनेता, प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। सार्वजनिक जीवन में शुचिता, पारदर्शिता एवं स्पष्टवादिता की प्रतिमूर्ति रहे प्रणब बाबू ने राजनीति के जरिए राष्ट्र और समाज की जो अनुकरणीय सेवा की है, वह सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का काम करेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने एक्स पर लिखा- पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्रहित के प्रति उनका समर्पित जीवन, दूरदर्शी नेतृत्व और सार्वजनिक जीवन में उनका अमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने लिखा- देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन! राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण, दीर्घ राजनीतिक अनुभव और भारतीय लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पोस्ट में लिखा- भारत रत्न प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन।

## भारत-ब्राजील व्यापार संबंधों को नई गति, 2030 तक 30 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य

**व्यापार निगरानी तंत्र की 8वीं बैठक में फार्मास्यूटिकल्स, कृषि, रसायन और इंजीनियरिंग क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर**

**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने अपने व्यापार एवं आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में भारत-ब्राजील व्यापार निगरानी तंत्र की 8वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और ब्राजील की विदेश व्यापार सचिव तातियाना लैसर्दा प्राजेरेस ने की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के नेतृत्व में दोनों देशों के संबंधों को मिली राजनीतिक गति को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी के संस्थागत ढांचे को मजबूत करने के साथ रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाई देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि :** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्राजील के विकास, उद्योग, वाणिज्य और सेवा मंत्री मार्सियो एलियास रोजा से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने तथा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग मजबूत करने पर चर्चा की। भारत और ब्राजील के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच व्यापार 15.07 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। दोनों देशों ने व्यापार को अधिक विविध, संतुलित और टिकाऊ बनाने तथा विशेष रूप से दवा, रसायन, इंजीनियरिंग सामान और मशीनरी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर 2030 तक व्यापार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा।

## विदेशी ग्राहकों के लिए वस्त्र तैयार करते समय भारत की महक और सुगंध नहीं छूटनी चाहिए : द्रौपदी मुर्मु

एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वस्त्र और परिधान क्षेत्र केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का अंग नहीं है बल्कि यह करोड़ों देशवासियों की आजीविका का भी आधार है। जब आप विदेशी ग्राहकों के लिए वस्त्र तैयार करें, तब भी उसमें भारत की महक और सुगंध नहीं छूटनी चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु सोमवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के संयुक्त दीक्षांत समारोह 2026 को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, "आपकी सोच वैश्विक होनी चाहिए, लेकिन आपकी जड़ें अपनी मिट्टी की विशिष्टता और जीवन मूल्यों से जुड़ी रहें। जब आप विदेशी ग्राहकों के लिए वस्त्र तैयार करें, तब भी उसमें भारत की महक और सुगंध नहीं छूटनी चाहिए। आपको एक ऐसे समाज के निर्माण में सहयोग करना है, जिसमें प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र की प्रगति में योगदान करने के उचित अवसर मिल सकें। आपके प्रयास से शिल्पकार को अपनी शिल्प की मूल पहचान को बनाए रखते हुए अपनी उत्पादकता और आय बढ़ाने में सहायता मिले। इसी में आपकी सफलता है। राष्ट्रपति ने महिला सशक्तीकरण के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि 20 वर्ष पहले इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल 20 प्रतिशत थी जबकि आज उपस्थित लगभग 4 हजार विद्यार्थियों में से 85 प्रतिशत महिलाएं हैं। यह बदलाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और 'सर्कुलर इकोनॉमी' पर बल देते हुए बंगाल की कांथा कढ़ाई और बिहार की सुजनी कला का विशेष उल्लेख किया गया। उन्होंने इन पारंपरिक शिल्पों को रीसाइक्लिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि जो सामग्री बच जाए, उसे बेकार समझकर फेंकने के बजाय नया रूप, नई उपयोगिता और मूल्य देना ही भारतीय परंपरा का मूल आधार है। विद्यार्थियों से स्थानीय कच्चे माल का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल उत्पाद और वैश्विक ब्रांड तैयार करने की अपील की गई। वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं की भूमिका को निर्णायक बताते हुए उन्होंने आह्वान किया कि युवा केवल नौकरी खोजने वाले न बनें बल्कि दूसरों को रोजगार देने वाले बनें।

## अमित शाह से मिले बिहार विधान परिषद सभापति अवधेश नारायण सिंह



**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने रविवार देर शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुलाकात के बाद सभापति ने कहा कि गृह मंत्री का मार्गदर्शन और प्रेरणादायी विचार राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने इस भेंट को सम्मान और प्रेरणा का विषय बताते हुए कहा कि मुलाकात सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई।


## सुप्रीम कोर्ट ने 'ई-20 पेट्रोल' को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई से किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 'ई-20 पेट्रोल' को लेकर दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बताने और इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के गाड़ियों के साथ इस्तेमाल की अनुकूलता के बारे में अधिक पारदर्शिता के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। वकील नरेंद्र गोस्वामी ने यह याचिका दायर की थी। वकील नरेंद्र गोस्वामी ने यह याचिका दायर की थी। सोमवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। हालांकि, बेंच ने उन्हें अपनी शिकायत लेकर संबंधित हाई कोर्ट जाने की छूट दी। याचिका में मांग की गई कि हर पेट्रोल पंप के हर नोजल पर साफ-साफ लिखा जाए कि पेट्रोल में कितने प्रतिशत इथेनॉल मिला है। पेट्रोल की रसीद/बिल पर भी इथेनॉल का प्रतिशत लिखा जाए, ताकि ग्राहक को पता रहे कि उसने कौन-सा पेट्रोल खरीदा है। इस याचिका में यह भी मांग की गई थी कि सरकार एक आधिकारिक वाहन-वार सूची/डेटाबेस बनाए, जिसमें बताया जाए कि कौन-सी गाड़ी ई-20 पेट्रोल के लिए उपयुक्त है और कौन-सी नहीं। इसमें कंपनी, मॉडल और निर्माण वर्ष आदि की जानकारी हो। जिन पुरानी गाड़ियों में ई-20 उपयुक्त नहीं है, उनके लिए धीरे-धीरे बदलाव की ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे उन्हें कम-इथेनॉल वाला पेट्रोल उपलब्ध कराया जा सके।

## नेपाल आपदा : 39 देशों के करीब 590 विदेशी नागरिक अब भी लापता, अब तक 323 विदेशी नागरिकों का रेस्क्यू

एजेंसी। काठमांडू



हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों से 323 से अधिक विदेशी नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 39 देशों के करीब 590 विदेशी नागरिक अब भी लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सरकार पड़ोसी देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ लगातार संपर्क और समन्वय बनाए हुए है। बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों के अब भी लापता होने को देखते हुए मंत्रालय में एक इमरजेंसी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो संबंधित एजेंसियों के साथ-साथ लापता लोगों के परिवारों के साथ भी समन्वय कर रहा है। विदेशी नागरिकों से संबंधित सत्यापित जानकारी राजनयिक मिशनों के माध्यम से लगातार साझा और अपडेट की जा रही है। साथ ही, मिशन लापता लोगों के परिवारों से संपर्क स्थापित करने, आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा पहचान और शवों की स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में भी सहयोग कर रहे हैं।

**भारत और चीन की विशेषज्ञ टीमें सुरंगों में चला रही हैं रेस्क्यू अभियानः** नेपाल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक सुरंगों में फंसे लोगों को निकालने के लिए भारत और चीन की विशेषज्ञ तकनीकी टीमें नेपाल पहुंच चुकी हैं। भारत से 11 और चीन से 9 विशेषज्ञ नेपाली अधिकारियों के समन्वय में रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं। भारत की टीम मेलुंग (चिलिमे) और स्याफ्रुबेसी में, जबकि चीन की टीम अपर त्रिशूली-3ए में सुरंग बचाव अभियान में सहयोग कर रही है। दक्षिण कोरिया की एक टीम को भी अभियान में लगाया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत से डीएनए विश्लेषण में विशेषज्ञता रखने वाले 18 फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम 29 अगस्त से नेपाल में मौजूद है। इस संबंध में भी दोनों देशों के बीच समन्वय जारी है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत, चीन, जापान, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), दक्षिण कोरिया और अन्य देशों तथा साझेदारों से नेपाल को बचाव और राहत के लिए महत्वपूर्ण सहायता मिल चुकी है।

## भारत में टाटा बनाएगा टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली जैवलिन, अमेरिकी कंपनी से करार

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत में मजबूत डिफेंस वर्कफोर्स बनेगी, देश में अमेरिकी नौकरियों के मौके मिलेंगे**



भारत ने अमेरिका से टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली एफजीएम-148 जैवलिन खरीदने का समझौता किया है। भारत ने जैवलिन प्रणाली के लिए प्रस्ताव और स्वीकृति पत्र पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। अब टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और जैवलिन जॉइंट वेंचर (जेजेवी) ने भारत में इस प्रणाली के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। यह करार भारतीय रक्षा उद्योग को खास मौके देगा और इंडो-पैसिफिक के लिए क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करेगा। अमेरिकी राजदूतावास की प्रवक्ता डाना जिए ने 28 अगस्त को पुष्टि की थी कि भारत ने जैवलिन प्रणाली के लिए प्रस्ताव और स्वीकृति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस समझौते पर हस्ताक्षर के साथ भारत जैवलिन प्रणाली का ग्राहक बन गया है, जो एक उन्नत, मध्यम दूरी की फायर-एंड-फॉरगेट एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है। अब भारत में जैवलिन प्रणाली के निर्माण के लिए जैवलिन जॉइंट वेंचर ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स को प्राइम पार्टनर के तौर पर चुना है। इस करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और जेजेवी भारत में जैवलिन प्रणाली के लिए एक फाइनल असेंबली और एकीकरण सुविधा बनाने के बारे में पता लगाएंगे। टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली एफजीएम-148 जैवलिन भारत और अमेरिकी पार्टनरशिप के लिए फायदेमंद होगी। इससे भारत में एक मजबूत डिफेंस वर्कफोर्स बनेगी। साथ ही कई साल के प्रोडक्शन के जरिए घरेलू सप्लाई चेन में अमेरिकी नौकरियां बनी रहेंगी। देश में को-प्रोडक्शन शुरू होने से भारत का डिफेंस इंडस्ट्रियल बेस मजबूत होगा। इससे जैवलिन की फाइनल असेंबली और इंटीग्रेशन भारतीय फैसिलिटी और सप्लायर तक पहुंचेगा, हाई-टेक नौकरियां पैदा होंगी, स्थानीय विनिर्माण विशेषज्ञता बढ़ेगी और दुनिया भर में बढ़ती डिमांड के कारण ग्लोबल सप्लाई चेन की मजबूती को सपोर्ट मिलेगा।

भरोसेमंद जैवलिन वेपन सिस्टम की सप्लाई होने से इस इलाके के पार्टनर देशों को मदद मिलेगी। जैवलिन जॉइंट वेंचर के वाइस प्रेसिडेंट और प्रोग्राम डायरेक्टर रिच लिसियन ने कहा कि यह साझेदारी जैवलिन जॉइंट वेंचर और भारतीय पार्टनर के बीच गहरे सामरिक सहयोग को दिखाती है, जिससे अंतरसंचालनीयता और संयुक्त रक्षा पहल को मजबूती मिलेगी, जो इंडो-पैसिफिक पार्टनरशिप के बड़े लक्ष्यों के साथ मेल खाती हैं।

## दिल्ली ड्राफ्ट मतदाता सूची में कम हुए 47. 7 लाख मतदाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बाद तैयार की गई मसौदा मतदाता सूची में 1 करोड़ 45 लाख से अधिक मतदाताओं में से केवल 97 लाख मतदाताओं के नाम ही शामिल किए गए हैं। यह संख्या कुल मतदाताओं की करीब 67.22 प्रतिशत है। दिल्ली में एसआईआर के तहत 30 जून से 17 अगस्त तक चले अभियान के तहत घर-घर जाकर और ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची को अपडेट कराने की प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव आयोग के मुताबिक स्थाई रूप से पता बदलने, अपने आवास पर उपलब्ध न होने और अन्य कारणों से फॉर्म नहीं जमा कराने वाले मतदाताओं की संख्या 43,32,775 (29.86 प्रतिशत) है। इसके अलावा 2,82,412 (0.98 प्रतिशत) मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है और 1,41,535 (1.95 प्रतिशत) मतदाताओं का नाम एक से अधिक स्थान पर पाया गया है। कुल मिलाकर दिल्ली से 47, 56,722(67.22 प्रतिशत) नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार अब तक दिल्ली में 1,45,10,299 मतदाता थे।

## रक्षा मंत्री करेंगे 16 रक्षा उपक्रमों के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 1 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के 16 रक्षा उपक्रमों के वार्षिक कार्य-निष्पादन की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में रक्षा क्षेत्र में नई स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा उत्पादों के निर्यात में वृद्धि पर विशेष जोर दिया जाएगा।बैठक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के सात रक्षा उपक्रमों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार की इक्विटी हिस्सेदारी पर प्राप्त लाभांश के चेक रक्षा मंत्री को सौंपेंगे। इनमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड, बीईएमएल और मिधानी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चार पुस्तकों का विमोचन भी करेंगे। इनमें 'आत्मनिर्भर डीपीएसयू-आत्मनिर्भरता की दिशा में डीपीएसयू की यात्रा, 'दिशा, 'एचएएल का आधुनिकीकरण रोडमैप और 'एचएएल का स्वदेशीकरण रोडमैप शामिल हैं।

# चार दिन बाद भी नहीं हुई अज्ञात महिला की शिनाख्त, वीर हिन्दू आर्मी ने कराया अंतिम संस्कार

### मसूदा घाटी के जंगल में मिला था शव, पुलिस जांच में जुटी



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** मसूदा घाटी के जंगल में 27 अगस्त को मिले अज्ञात महिला के शव की चार दिन बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस प्रशासन की ओर से महिला की पहचान के लिए प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद सोमवार को पुलिस प्रशासन ने वीर हिन्दू आर्मी के संस्थापक पंकज वर्मा को महिला के अंतिम संस्कार के लिए सूचना दी। सूचना मिलते ही पंकज वर्मा अपनी टीम के साथ आगे आए। आवश्यक पुलिस कार्रवाई एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संस्था के सदस्यों ने महिला के शव को ब्यावर स्थित हिन्दू सेवा मंडल मुक्तिधाम पहुंचाया। यहां हिन्दू रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस महिला की पहचान और मौत के कारणों को लेकर जांच कर रही है। पुलिस द्वारा मामले में विभिन्न पहलुओं से पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के वास्तविक कारण स्पष्ट होने की संभावना है। वीर हिन्दू आर्मी के संस्थापक पंकज वर्मा ने कहा कि पहचान अज्ञात होने के बावजूद अंतिम सम्मान प्रत्येक इंसान का अधिकार है। संस्था का प्रयास है कि किसी भी व्यक्ति को अंतिम समय में अकेला और असहाय नहीं छोड़ा जाए।

# एक्सिस बैंक के नाम पर ठगी करने के आरोप में 64 आरोपी गिरफ्तार

## कार्यवाही में डीएसटी डीग प्रभारी अमरसिंह उ.नि. व कांस्टेबल नेतराम की रही विशेष भूमिका

## दिल्ली में संचालित साइबर अपराध सिंडिकेट का पर्दाफाश

स्मार्ट हलचल

**जुरहरा,** डीग जिला पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के. द्वारा जिले में साइबर ठगों के खिलाफ चलाएजा रहे विशेष अभियान ' ऑपरेशन काउण्टडाउन'' के तहत डीग पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक्सिस बैंक के नाम पर चल रहे एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। जिसके तहत साइबर क्राइम के बड़े नेटवर्क पर राजस्थान पुलिस ने प्रहार करते हुए दिल्ली में संचालित एक संगठित साइबर अपराध सिंडिकेट का पर्दाफाश कर कुल 64 आरोपी (पुरूष 31 एवं महिला 42) को गिरफ्तार करते हुए 02 नाबालिगों को भी रेस्क्यू किया है। आरोपियों के कब्जे से 88 एन्ड्रोएड मोबाईल फोन भी जब्त किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शाखा प्रबंधक, एक्सिस बैंक डीग फूलसिंह द्वारा साइबर क्राइम थाना डीग में एक लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट के अनुसार, एक संगठित साइबर अपराधी गिरोह एक्सिस बैंक की साख, नाम, लोगो एवं फर्जी वेब का दुरुपयोग कर ग्राहकों को फर्जी कॉल कर रहा था। आरोपी खुद को बैंक का वरिष्ठ अधिकारी बताकर फर्जी आईडी कार्ड दिखाते



थे और क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने, नवीनीकरण आदि का झांसा देकर गोपनीय डेटा (पैन कार्ड डिटेल्स, जीमेल आईडी, जन्मतिथि आदि) हासिल कर बैंक खातों से अवैध ऑनलाइन वित्तीय ट्रांजैक्शन कर ठगी को अंजाम दे रहे थे। बैंक की प्रारंभिक जांच एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर गिरोह के मुख्य सदस्य की पहचान आकाश पुत्र रामप्रकाश निवासी बनकट, थाना ताहवरपुर, जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। यह गिरोह उत्तम नगर, दिल्ली में एक तीन मंजिला ईमारत में अवैध कॉल सेंटर संचालित कर राजस्थान के विभिन्न मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर संगठित रूप से साइबर अपराध को अंजाम दे रहा था। उक्त सूचना पर मामले की गंभीरता को देखते हुए अति. पुलिस अधीक्षक कामां दिनेश यादव के नेतृत्व मे स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने जब मौके पर दबिश दी तो तीन मंजिला ईमारत में कुल 85 व्यक्ति जिनमे 41 युवक, 42 युवतिया एवं 02 नाबालिग थे। जिनसे पूछताछ एवं अनुसंधान से कुल 64 व्यक्तियों (31 युवक एवं 33 युवतियों) को डिटेन व 02 नाबालिग को रेस्क्यू किया गया। पूछताछ व अनुसंधान के बाद कुल 19 युवक - युवतियों को उनके परिजनों के साथ भेज दिया गया। प्राप्त रिपोर्ट व डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाना डीग में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामले की जांच एवं अग्रिम कानूनी कार्यवाही विरेन्द्र पाल पुलिस उपाधीक्षक, साइबर क्राइम पुलिस थाना डीग द्वारा की जा रही है।

**क्या था अपराध का तरीका-** यह शातिर गिरोह जॉब पोर्टल्स से बेरोजगार युवाओं के रिज्यूमे निकालकर, उन्हें एक फर्जी कंपनी का नाम बताकर अपनी गैंग में शामिल करता था। गिरोह में ट्रेनिंग, इंटरव्यू, टीम लीडर और एम्प्लॉई (कर्मचारी) जैसे अलग-अलग स्तरों पर काम बांटा गया था। युवाओं को 11,000 से 15,000 रुपये तक की मासिक सैलरी दी जाती थी। सबसे गंभीर बात यह है कि इस अपराध में 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिग बच्चों को भी काम पर रखा गया था। जो कर्मचारी (ठग) ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी करता था, उसे वेतन के अलावा एक्स्ट्रा कमीशन का लालच दिया जाता था। ये साइबर ठग कॉल और व्हाट्सएप के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क करते थे। इसके लिए वे पहले से लिखी गई स्क्रिप्ट का उपयोग करते थे ताकि ग्राहकों को विश्वास में लेकर उनकी व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर सकें।

**फर्जी आईडी कार्ड व बल्क डेटा बरामद-** पुलिस को जांच में प्रमुख बैंकों के अधिकारियों के फर्जी आईडी कार्ड्स मिले हैं साथ ही भारी मात्रा में ग्राहकों का बल्क डेटा भी मिला है, जिसमें लोगों के बैंक अकाउंट, पैन कार्ड, नाम, आवासीय पते और अन्य बैंकिंग जानकारियां शामिल हैं। इस ठगी के लिए एक ही व्यक्ति के नाम पर कई फर्जी सिम कार्ड्स का इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में अब तक करोड़ों रुपये के अवैध वित्तीय लेनदेन उजागर हुए हैं। इस गिरोह के खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी कई शिकायतें दर्ज पाई गई हैं।

# शाहपुरा के चामुंडा माता के मंदिर में चोरों का धावा, दानपात्र से नकदी पार

### माताजी का खेड़ा में रात के अंधेरे में वारदात से मचा हड़कंप, लंबे समय से नहीं खुला था दानपात्र; पुलिस ने शुरू की जांच

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा,** आस्था के केंद्र चामुंडा माताजी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दानपात्र को निशाना बना लिया। शाहपुरा के निकटवर्ती ग्राम माताजी का खेड़ा स्थित मंदिर में चोर दानपात्र से नकदी निकालकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी सामने आते ही मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। बताया जा रहा है कि मंदिर का दानपात्र लंबे समय से नहीं खोला गया था। ऐसे में उसमें श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई कितनी नकदी थी, इसका वास्तविक पता दानपात्र की जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल अज्ञात चोरों द्वारा दानपात्र में रखी नकदी चोरी किए जाने की बात सामने आई है।



### रात के सन्नाटे में मंदिर को बनाया निशाना

जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने रात के समय मंदिर परिसर में प्रवेश किया और दानपात्र को निशाना बनाया। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। सुबह मंदिर पहुंचने पर घटना का पता चला तो ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मंदिर में चोरी की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही शाहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू की।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस द्वारा मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात के दौरान संदिग्ध व्यक्ति किस दिशा से मंदिर परिसर में पहुंचे और चोरी के बाद किस रास्ते से फरार हुए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही रात्रि के समय संदिग्ध लोगों के आवागमन की जानकारी भी ग्रामीणों से जुटा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि आसपास के कैमरों से चोरों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं।

### आस्था के मंदिर में चोरी से ग्रामीणों में रोष

चामुंडा माताजी मंदिर में चोरी की घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में खासा रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां चोरी की घटना गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाए तथा चोरी की गई नकदी बरामद की जाए। साथ ही ग्रामीणों ने मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करने की मांग उठाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अज्ञात चोरों तक पहुंचने के लिए संभावित सुरागों को खंगाला जा रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस इस वारदात का खुलासा कर चोरों को कब तक सलाखों के पीछे पहुंचाती है।

### सिंबल पर संग्राम, कांग्रेस की गुटबाजी आई सामने

# मेवाड़ा का पलटवार—'समय पर सिंबल नहीं दे पाए, अब भाजपा और प्रशासन पर ठीकरा क्यों?'

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** नगर निगम चुनाव में सिंबल को लेकर मचे सियासी घमासान ने कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि समय पर पार्टी सिंबल जमा नहीं कर पाना कांग्रेस की अपनी संगठनात्मक चूक है, जिसका ठीकरा अब भाजपा और निष्पक्ष प्रशासन पर फोड़ा जा रहा है। मेवाड़ा ने कहा कि लोकतंत्र में चुनावी नियम और समय-सीमा सभी राजनीतिक दलों के लिए समान होती है। यदि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी निर्धारित समय में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सिंबल जमा नहीं करा पाए तो इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराना समझ से परे है। निर्वाचन अधिकारी ने नियमों के अनुसार निर्णय लिया है।

### 'पहले अपने प्रत्याशियों को जवाब दे कांग्रेस'



भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले उन वार्डों के प्रत्याशियों को जवाब देना चाहिए, जिनके सिंबल समय पर जमा नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि अंतिम समय तक टिकट और प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में चली खींचतान का असर अब चुनावी मैदान में दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी आंतरिक गुटबाजी और तालमेल के अभाव को छिपाने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। धरना-प्रदर्शन करने से चुनावी नियम नहीं बदल सकते।

### 'अपनी गलती को लोकतंत्र की हत्या बताना हास्यास्पद'

मेवाड़ा ने कहा कि कांग्रेस अपनी संगठनात्मक विफलता को स्वीकार करने के बजाय उसे लोकतंत्र से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि नियमों के पालन में हुई चूक को 'लोकतंत्र की हत्या' बताना जनता को भ्रमित करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के आरोप उनकी हताशा और बौखलाहट को दर्शाते हैं। भीलवाड़ा की जनता कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान और गुटीय राजनीति से परिचित है। अब कांग्रेस को अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने के बजाय अपने संगठन में जवाबदेही तय करनी चाहिए।

### भाजपा ने प्रशासन का किया बचाव

मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया में विश्वास करती है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि अधिकारी नियमों के अनुसार काम कर रहे हैं और किसी राजनीतिक दल के दबाव में चुनाव प्रक्रिया नहीं चल सकती। उन्होंने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि राजनीतिक हंगामे से नियम नहीं बदलेंगे। कांग्रेस अपनी गुटबाजी और संगठनात्मक चूक का जवाब दे और भाजपा तथा निष्पक्ष प्रशासन पर बेबुनियाद आरोप लगाना बंद करे। सिंबल विवाद ने नगर निगम चुनाव की सियासत को और गरमा दिया है। अब कांग्रेस के आरोपों और भाजपा के पलटवार के बीच असली लड़ाई चुनावी मैदान के साथ-साथ दोनों दलों के संगठनात्मक अनुशासन की भी बन गई है।

# पीएम श्री बापूनगर की छात्राओं ने विज्ञान मेले में दिखाया नवाचार का हुनर

### हाइड्रोलिक लिफ्ट से लेकर साइबर सेफ्टी और वर्षा जल संरक्षण तक 30 प्रोजेक्ट्स ने खींचा ध्यान



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्राओं ने विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक सोच और नवाचार को विभिन्न मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर में सजे विज्ञान मॉडल विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। प्रधानाचार्य सुनीता ननकानी ने बताया कि मेले का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार गग्गड़ ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विज्ञान मेले विद्यार्थियों में सृजनात्मकता के साथ-साथ तर्कपूर्ण चिंतन और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेले में कुल 30 प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए, जिनमें जूनियर वर्ग के 17 तथा सीनियर वर्ग के 13 प्रोजेक्ट शामिल रहे। इनमें कई वर्किंग मॉडल भी प्रस्तुत किए गए। छात्राओं ने हाइड्रोलिक लिफ्ट, साइबर सेफ्टी, वर्षा जल संरक्षण, जीवनोपयोगी गैजेट्स, प्रदूषण नियंत्रण, ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोत तथा ग्रीन स्कूल सहित विभिन्न विषयों पर मॉडल तैयार किए। कार्यक्रम संयोजक गौरव कुमारी ने बताया कि विज्ञान मेले का विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ करीब 750 छात्राओं ने अवलोकन किया। मेले को आकर्षक बनाने के लिए विशेष सजावट की गई तथा सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। आयोजन को सफल बनाने में रेणु, सीमा कोहली, शुभम खोईवाल, लक्ष्मी शर्मा, अमर ज्योति, सौरभ सिंह एवं हर्षित शर्मा का विशेष योगदान रहा। मेले में चयनित छात्राएं अब जिला स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# मंडावर नगरपालिका चुनाव में नामांकन का महाकुंभ, आज 133 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

## पूर्व में 36 नामांकन के साथ अब तक 169 नामांकन दाखिल, भाजपा-कांग्रेस के साथ निर्दलीयों ने भी ठोकी ताल

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** नगरपालिका चुनाव 2026 को लेकर मंडावर में राजनीतिक गतिविधियां अब पूरी तरह चरम पर पहुंचने लगी हैं। नामांकन के अंतिम दौर में सोमवार को नगरपालिका क्षेत्र में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों का भारी हुजूम देखने को मिला। आज कुल 133 नामांकन दाखिल किए गए, जबकि इससे पूर्व 36 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दर्ज कराया जा चुका था। इस प्रकार मंडावर नगरपालिका चुनाव में अब तक कुल 169 नामांकन दाखिल हो चुके हैं। नामांकन के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन किया। भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के साथ बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी चुनावी मैदान में उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। कई वार्डों में टिकट नहीं मिलने या अन्य राजनीतिक समीकरणों के चलते निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की है।

### भाजपा-कांग्रेस के सामने निर्दलीयों की चुनौती

मंडावर नगरपालिका चुनाव में इस बार भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशियों की मजबूत मौजूदगी भी देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में निर्दलीय नामांकन दाखिल होने से कई वार्डों में चुनावी गणित बदलता



नजर आ रहा है। राजनीतिक जानकारों की नजर अब उन वार्डों पर टिकी है जहां प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के सामने मजबूत निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। ऐसे वार्डों में वोटों का विभाजन चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकता है। यही वजह है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ गई है।

### नामांकन के दौरान दिखा दमखम

सोमवार को नामांकन दाखिल करने पहुंचे प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थकों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। कई प्रत्याशी समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में नामांकन स्थल तक पहुंचे। समर्थकों ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में नारे लगाए और चुनावी माहौल को गर्म कर दिया। नामांकन के दौरान प्रत्याशियों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए वार्ड में अपनी पकड़ और जनसमर्थन का संदेश देने का प्रयास किया। हालांकि वास्तविक जनसमर्थन की तस्वीर चुनाव प्रचार और मतदान के दौरान ही स्पष्ट होगी।

### 169 नामांकन के बाद चुनावी तस्वीर हुई दिलचस्प

अब तक 169 नामांकन सामने आने के बाद मंडावर नगरपालिका चुनाव का मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। एक ओर भाजपा और कांग्रेस संगठन स्तर पर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी भी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुके हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया महत्वपूर्ण होगी। नाम वापसी के बाद मैदान में बचे अंतिम प्रत्याशियों की संख्या सामने आएगी और उसके बाद प्रत्येक वार्ड में मुकाबले की वास्तविक तस्वीर साफ होगी।

### टिकट से लेकर चुनावी रणनीति तक, हर कदम पर नजर

नगरपालिका चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही राजनीतिक दलों की रणनीति भी चर्चा का विषय बन गई है। किस वार्ड में कौन प्रत्याशी मजबूत है, किसे पार्टी संगठन का कितना समर्थन मिल रहा है और निर्दलीय उम्मीदवार किसके वोट बैंक में सेंध लगा सकते हैं—इन सभी सवालों को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। आने वाले दिनों में प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान जोर पकड़ेगा। प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे और अपने पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। वहीं राजनीतिक दल भी अपने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को मैदान में उतारकर चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने का प्रयास करेंगे। फिलहाल 133 नए नामांकन और पहले से दर्ज 36 नामांकन को मिलाकर 169 नामांकन होने से मंडावर नगरपालिका चुनाव में मुकाबले की तस्वीर बेहद रोचक बन गई है। अब नाम वापसी के बाद यह देखना खास होगा कि कितने प्रत्याशी अंतिम रूप से चुनावी मैदान में टिकते हैं और किन वार्डों में मुकाबला सबसे कांटेदार बनता है।

# महुवा नगर पालिका क्षेत्र में चुनाव चुनावी रण हुआ तेज, नामांकन के अंतिम दिन तक कुल 306 आवेदन पत्र प्राप्त हुए कांग्रेस भाजपा सहित निर्दलीय मैदान में।



स्मार्ट हलचल

महुवा महुवा नगर पालिका चुनावको लेकर मतदाता सहित चुनाव लड़ने वालों मैं जहां उत्साह बना हुआ है वही नगर पालिका चुनाव को लेकर सरगर्मियां चरम पर पहुंच चुकी हैं। नामांकन प्रक्रिया के तहत महुवा नगर पालिका के सभी 35 वार्डों से अब तक रिकॉर्ड कुल 306 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इस बार कई वार्डों में मुकाबला बेहद दिलचस्प और त्रिकोणीय होने की उम्मीद है। कांग्रेस भाजपा सहित निर्दलीय मैं कड़ा मुकाबला होने की संभावना है चुनाव के सबसे 'हॉट' वार्ड (जहाँ है सबसे कड़ा मुकाबला):वार्ड नंबर 4: कुल 20 फॉर्म (पूरे क्षेत्र में सबसे ज्यादा उम्मीदवार!)वार्ड नंबर 2: कुल 17 फॉर्मवार्ड नंबर 28: कुल 17 फॉर्मवार्ड नंबर 34: कुल 17 फॉ भरे गए हैं वही सबसे कम हलचल वाला वार्ड:वार्ड नंबर 3: यहाँ सबसे कम सिर्फ 3 आवेदन आए हैं। सोमवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय मैं दिन भर पार्षद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों सहित उनके समर्थक की भीड़ 3:00 तक लगी रही महुवा नगर पालिका के सभी 35 वार्डों का पूरा लेखा-जोखा (अब तक आए कुल फॉर्म):वार्ड 1 (7) 7 वार्ड 2 (17) 7 वार्ड 3 (3) 7 वार्ड 4 (20) 7 वार्ड 5 (5) 7 वार्ड 6 (10) 7 वार्ड 7 (12) 7 वार्ड 8 (9) 7 वार्ड 9 (4) 7 वार्ड 10 (9) 7 वार्ड 11 (6) 7 वार्ड 12 (6) 7 वार्ड 13 (4) 7 वार्ड 14 (8) 7 वार्ड 15 (8) 7 वार्ड 16 (5) 7 वार्ड 17 (6) 7 वार्ड 18 (8) 7 वार्ड 19 (7) 7 वार्ड 20 (9) 7 वार्ड 21 (12) 7 वार्ड 22 (4) 7 वार्ड 23 (9) 7 वार्ड 24 (6) 7 वार्ड 25 (10) 7 वार्ड 26 (6) 7 वार्ड 27 (11) 7 वार्ड 28 (17) 7 वार्ड 29 (6) 7 वार्ड 30 (8) 7 वार्ड 31 (6) 7 वार्ड 32 (11) 7 वार्ड 33 (11) 7 वार्ड 34 (17) 7 वार्ड 35 (9)अब सभी की नजरें स्क्रूटनी (नामांकन पत्रों की जांच) और नाम वापसी की तारीख पर टिकी हैं। वहीं भाजपा और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जहां भाजपा ने महुवा के 35 वार्ड में अपने 35 उम्मीदवारों की घोषणा की है वहीं कांग्रेस ने 35 वार्ड में से 30 में 31 वार्ड में अपना कोई उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर 33 उम्मीदवार की घोषणा की है नामांकन वापसी के दिनांक के बाद ही साफ होगा कि वार्ड से असल में कौन-कौन चुनाव लड़ रहा है।आपकी इस पर क्या राय है? आपके वार्ड से कौन मजबूत दिख रहा है समय-समय मतदाताओं की राय सुझाव से भी आम मतदाता को अवगत कराने का प्रयास किया जाएगा

# चांदगढ़ रोड देवरी के पास पुलिया न होने से खेतों में भरा पानी, किसान परेशान: सड़क की ऊंचाई बढ़ी पर नहीं बना पुल

स्मार्ट हलचल

**अ ाकोला /** चांदगढ़ रोड देवरी के पास जलभराव की समस्या ने कि सानों और आम राहगीरों की चिंता बढ़ा दी है। जब इस सड़क का निर्माण पहली बार हुआ था, तब यहां केवल एक छोटा पाइप डाला गया था, जिसके कारण पानी हमेशा सड़क के ऊपर से बहता था। हाल ही में सड़क का नवीनीकरण कर उसकी ऊंचाई करीब दो फीट बढ़ा दी गई है, लेकिन प्रशासन ने यहां पुलिया का निर्माण नहीं कराया।नतीजतन, बारिश का पानी निकलने का रास्ता पूरी तरह बंद हो चुका है।



इस लापरवाही के कारण मानसून के दौरान आस-पास के अधिकांश खेतों में भारी जलभराव हो रहा है। खेतों में पानी भरने से फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं, जिससे स्थानीय किसानों में गहरा आक्रोश है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मार्ग पर आवश्यकतानुसार सभी मुख्य स्थानों पर तुरंत पुलिया निर्माण कार्य नहीं कराया गया, तो आने वाले समय में आम जनता और किसानों की परेशानी और ज्यादा बढ़ जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए यहां जल्द से जल्द मजबूत पुलिया का निर्माण शुरू करवाया जाए।

# कागजों में चमक रही गुरला पंचायत, धरातल पर नालियों में सड़ रहा सिस्टम कीरों का चोक सहकारी समिति में लाखों का बजट बह रहा सड़क पर

**स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा, पंचायत समिति सुवाणा की गुरला ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, ग्रामीण बोले - सिर्फ लिपापोती**

स्मार्ट हलचल

**गुरला:-भीलवाड़ा** जिले की सुवाणा पंचायत समिति की आदर्श कही जाने वाली ग्राम पंचायत गुरला की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। पंचायत मुख्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित कीरों का मोहल्ला आज भी मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहा है। यहां पिछले कई महीनों से नालियों की सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में सोए हैं।

### क्या है पूरा मामला

ग्राम पंचायत गुरला के अंतर्गत आने वाले कीरों का चोक मेन रोड शिव मंदिर के पास में से निकली मुख्य नालीया पिछले कहीं महीनों से पूरी तरह से चोक पड़ी है। नाली में कचरा, पॉलिथीन और मिट्टी जमने से उसका पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर बह रहा है। सड़क पर 24 घंटे गंदा और बदबूदार पानी भरा रहता है।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस गंदे पानी के कारण बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है। महिलाओं को पानी भरने और मंदिर जाने कही गांवों के राहगीर को आने जाने में भी समस्या आती है गांव गुरला में भी इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालक आए दिन इस कीचड़ में फिसल कर घायल हो रहे हैं।

### लाखों का बजट, कहां जा रहा पैसा?

ग्रामीणों का सबसे बड़ा आरोप यह है कि ग्राम पंचायत द्वारा हर महीने साफ-सफाई के नाम पर लाखों रुपए का बिल उठाया जा रहा है। पंचायत के रिकॉर्ड में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति, फिनाइल, चूना और कचरा गाड़ी के नाम पर खर्च दिखाया जा रहा है, लेकिन धरातल पर एक भी सफाई कर्मचारी कीरों का मोहल्ला में पिछले कई महीनों से नहीं देखा गया।

ग्रामीणों ने कहा कि 'साफ सफाई के नाम पर सिर्फ लिपापोती की जा रही है। कागजों में सफाई दिखाकर राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। अगर सफाई होती तो नालियों का पानी सड़क पर क्यों बहता? '

### बीमारियों का खतरा बढ़ा

सड़क पर जमा गंदे पानी में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। यहां डेंगू, मलेरिया और चर्म रोग जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। बारिश के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। नाली का पानी घरों में घुस जाता है। कई बार ग्रामीण खुद अपने पैसों से मजदूर लगाकर नाली साफ करवाते हैं, लेकिन पंचायत इस ओर कोई ध्यान नहीं देती। प्रशासन मौन इस संबंध में कई बार सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी को अवगत कराया गया, लेकिन सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में शिकायत करने पर कहा जाता है कि जल्द सफाई करवा दी जाएगी, लेकिन हफ्तों गुजर जाने के बाद भी कोई नहीं आता। स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन गुरला पंचायत का यह हाल उन दावों की पोल खोल रहा है।ग्रामीणों की मांग कीरों का मोहल्ला के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, जिला परिषद सीईओ और सुवाणा विकास अधिकारी से मांग की है कि गुरला ग्राम पंचायत के सफाई बजट की जांच की जाए और मौके पर टीम भेजकर गुरला व गुरला में गली-मोहल्लों कीरों का मोहल्ला में नालियों की स्थाई सफाई की व्यवस्था की जाए। साथ ही लापरवाह सफाई कर्मचारी और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि कागजों में नहीं बल्कि धरातल पर सफाई दिखे।

# मतदान केंद्र पर मोबाइल के साथ प्रवेश वर्जित पहचान पत्र की सॉफ्ट या फोटोकॉपी स्वीकार नहीं

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर, ।** नगर निकाय चुनाव- 2026 को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन को लेकर माइक्रो लेवल पर प्लानिंग करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों पर मोबाइल के साथ प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा। मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं होने पर 11 अन्य वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र मान्य होंगे। इसमें भी संबंधित पहचान पत्र चुनाव की घोषणा की तिथि (19 अगस्त 2026) से पूर्व की तिथियों में जारी हुआ होना अनिवार्य है। पहचान पत्र की ओरिजनल कॉपी ही स्वीकार की जाएगी। कोई भी व्यक्ति मोबाइल में पहचान पत्र की सॉफ्ट कॉपी या फोटोकॉपी दिखाकर मतदान नहीं कर पाएगा।

### इन वैकल्पिक दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान

उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि शहरी सरकार चुनने के लिए हो रहे नगर निकाय चुनाव में सभी पात्र मतदाताओं की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इसी के मद्देनजर राज्य चुनाव आयोग ने आमजन को मतदाता पहचान पत्र के अभाव में अन्य वैकल्पिक पहचान दस्तावेज के आधार पर मतदान करने की अनुमति प्रदान की है। आयोग की पहली प्राथमिकता है कि मतदाता बूथ पर मतदाता पहचान पत्र के साथ ही पहुंचे। इसके बावजूद यदि किसी मतदाता के पास किन्हीं कारणों से मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं हो और उसका नाम नगर निकाय चुनाव की मतदाता सूची में अंकित हो तो उसे मतदान से वंचित नहीं किया जाएगा। इसके लिए आयोग ने 11 वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों की अनुमति दी है। इनमें से कोई भी दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। इन 11 दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा अथवा वीबी जी राम जी जॉब कार्ड, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कोर्ड/आयुष्मान भारत हैल्थ कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/ सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/ विधायकों/ एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (युडीआईडी) शामिल हैं। इन दस्तावेजों की मूल प्रति ही स्वीकार की जाएगी, सॉफ्ट या फोटोकॉपी दिखाकर मतदान नहीं कर सकेंगे।

### मतदान एवं मतगणना केंद्र में फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी प्रतिबंधित

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्र तथा मतगणना केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिकृत प्राधिकार पत्र धारी मीडियाकर्मी मतदान केंद्र के बाहर की गतिविधियों की कवरेज कर पाएंगे।

### मतदाता सहायता केंद्रों की होगी स्थापना

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राठौड़ ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी नगर निकायों में स्थित मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इसमें मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम, क्रमांक एवं भाग संख्या की जानकारी उपलब्ध कराने में सहायता की जाएगी। मतदाता सहायता केंद्र के प्रभारी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी होंगे।

**हज इस्लाम का महत्वपूर्ण फर्ज - रंगरेज**

# हज यात्रियों का किया स्वागत,की अमन चैन खुशहाली की दुआ

स्मार्ट हलचल

-हज के मुकद्दस सफर को मुक म्मल कर लौटने की खुशी में सा ंगानेर मोडासा बाबा की दरगाह पर रिटायर्ड नर्सिंग ऑफिसर हाजी फकरुद्दीन ताजक,रिटायर्ड शिक्षाविद हाजी शमसुद्दीन रंगरेज,हाजी मोहम्मद बक्ष के सानिध्य में 46 दिन की मक्का मदीना शरीफ हज यात्रा सकुशल लौटने की खुशी में हाजी जिकरुदिन रंगरेज हज्जन हसीना बेगम पुर,हाजी मुबारिक हुसैन अजमेरी,हज्जन मुमताज बानू भीलवाड़ा,हाजी मोहम्मद शाबीर रंगरेज,हज्जन नजमाशाबीर रंगरेज काछोला,हाजी शरीफ मोहम्मद गौरी हज्जन रईसा बानू ,हाजी आजाद मोहम्मद बेहलीम,हज्जन मुराद बानू,हाजी अय्यूब मोहम्मद रंगरेज ,हज्जन हशमत बानू हमीरगढ़,हाजी निशार मोहम्मद,हज्जन शमीम बानू पुर,हाजी अब्दुल सलाम बिहारी,



हज्जन जरीना बानू भीलवाड़ा,हाजी सद्दीक मोहम्मद,हज्जन रुकसाना बानू बीगोद,हाजी कयूम मोहम्मद,हज्जन शमीम बानू मांडल का रंगरेज समाजजनों ने फूल पोशी,शॉल व दस्तारबंदी कर स्वागत किया और हज से लौटे हाजियों ने सभी का आभार व्यक्त कर देश व क्षेत्र की खुशहाली,अमन ,चैन व तरक्की के लिए दुआ की।हाजी हनीफ मोहम्मद,हाजी सिराजुद्दीन सहित आदि वक्ताओं ने कहा कि हज इस्लाम का महत्वपूर्ण फर्ज है,हज से लौटने वाले हाजियों का सम्मान करना समाज की अच्छी परम्परा है इससे मिलना जुलना और आपसी भाईचारा बना रहता है।स्वागत सम्मान समारोह में हाजी सिराजुद्दीन मांडल,रफीक कंडक्टर भीलवाड़ा,हाजी फैय्याज मोहम्मद कुरैशी भीलवाड़ा,हाजी कमरुद्दीन हमीरगढ़,हाजी मोहम्मद हुसैन सांगानेर, हाजी हनीफ मोहम्मद करेडा,हाजी सलीम इंजीनियर, शाबीर हुसैन भीलवाड़ा,हाजी सलीम मोहम्मद मांडल, हाजी इमामुद्दीन सांगानेर,जाकिर हुसैन,अब्दुल गफ्फार, पीर मोहम्मद,उमर मोहम्मद ,मुबारिक हुसैन सांगानेर, रफीक मोहम्मद ताजक,अहसान मोहम्मद,रफीक मोहम्मद सहित आदि उपस्थित थे।सम्मान समारोह का संचालन हाजी सिराजुद्दीन मांडल ने किया।

# काछोला तहसील के किसानों का फूटा गुस्सा: 2 वर्ष से बकाया मुआवजा राशि की शीघ्र भुगतान की मांग

स्मार्ट हलचल

**आकोला /** काछोला तहसील क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतों के किसानों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। वर्ष 2024-25 और 2025-26 की खरीफ फसलों के खराबे की बकाया मुआवजा राशि का भुगतान न होने से नाराज किसानों में भारी आक्रोश है। क्षेत्र के 60 प्रतिशत से अधिक किसान आज भी अपनी न्यायसंगत राशि के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

### 50 राजस्व गांव घोषित हुए थे अभावग्रस्त

जीएसएस (त्रस्) अध्यक्ष राधेश्याम कंजर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने आदेश जारी कर खरीफ सीजन 2024 और खरीफ सीजन 2025 में हुई भीषण ओलावृष्टि के बाद काछोला तहसील क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों के 50 राजस्व गांवों को अभावग्रस्त घोषित




किया था। इन क्षेत्रों में 33 फीसदी से अधिक फसलों का भारी नुकसान आंका गया था।

### SDRF नियमों की उड़ रही धज्जियां

नियमों के मुताबिक, इन अभावग्रस्त गांवों के प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ (SDRF) नियमों के तहत तत्काल कृषि अनुदान राशि का वितरण किया जाना था। लेकिन विडंबना यह है कि दो वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बाद भी आधे से अधिक (60' से ज्यादा) किसान इस राहत राशि से वंचित हैं।

### किसानों ने सरकार से पूछा- देरी का कारण स्पष्ट करें

पीड़ित किसानों ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों की मांग है कि सरकार इस देरी का मुख्य कारण स्पष्ट करे। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा समय पर न मिलना बेहद चिंता का विषय है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक संकट और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

### दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि इस बकाया राशि का निपटारा जल्द से जल्द और पारदर्शी तरीके से नहीं किया गया, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। आने वाले दिनों में अपनी मांगों को लेकर किसान उग्र आंदोलन और प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# थलकलां में फॉलोअप शिविर महज औपचारिकता बना, आमजन के नहीं हुए काम

**जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में नाराजगी, योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग**

स्मार्ट हलचल

**काछोला,** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर फॉलोअप शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम पंचायत थलकलां में फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार शिविर अपेक्षित परिणाम नहीं दे सका। शिविर में आमजन के कार्य नहीं होने तथा मांडलगढ़ ब्लॉक स्तर से किसी जिम्मेदार अधिकारी के उपस्थित नहीं रहने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना है, लेकिन यदि संबंधित अधिकारी ही उपस्थित नहीं रहें तो ऐसे शिविर महज औपचारिकता



बनकर रह जाते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों को लेकर उन्हें बार बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि फॉलोअप शिविरों में संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा पात्र लोगों के लंबित कार्यों का मौके पर निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी शुभम जैन ने पंचायत राज विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने योजनाओं के पात्रता मापदंड एवं उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। घनश्याम पाराशर ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन यदि जिम्मेदार अधिकारी शिविर में मौजूद नहीं होंगे तो ग्रामीणों को इसका वास्तविक लाभ कैसे मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिविरों को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखकर मौके पर समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। लादू दास वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक पात्र परिवार अभी भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। ऐसे परिवारों को योजनाओं से जोड़ने और उनके लंबित कार्यों का निस्तारण करने के लिए फॉलोअप शिविर महत्वपूर्ण माध्यम हैं। अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर शिविर को प्रभावी बनाया जाना चाहिए। राकेश गर्ग ने कहा कि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। शिविर में आने वाले ग्रामीणों को निराश होकर वापस नहीं लौटना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में आयोजित होने वाले शिविरों में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें और ग्रामीणों के कार्यों का प्राथमिकता से निस्तारण करें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मनोज संचेती, सहायक सचिव अभिषेक पारीक, ग्राम पंचायत पत्र वाहक दुर्गालाल शर्मा, पटवारी सुरेन्द्र सिंह, शिक्षक अशोक शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चांदमल रेगर, राशन डीलर दुर्गालाल तिवाड़ी, ई मित्र कियोस्क संचालक रामपाल कहार, ग्राम सेवा सहकारी समिति थलकलां के सहायक व्यवस्थापक नरेंद्र सिंह राजपूत, नन्दलाल गुर्जर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से आगामी फॉलोअप शिविरों में ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों का मौके पर समाधान करवाने की मांग की है।

# नशे के खिलाफ ब्यावर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 478 किलो डोडा-पोस्त जब्त

**एनसीओआरडी की बैठक में कलक्टर ने दिए नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश के निर्देश**

स्मार्ट हलचल

**अ ब्यावर।** जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिले में नशे के खिलाफ पुलिस कार्रवाई, जागरूकता अभियान और नशामुक्ति गतिविधियों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया ने 28 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक की कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत 14 प्रकरण दर्ज कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 11 वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने 10 प्रकरणों में 478 किलो डोडा-पोस्त, दो प्रकरणों में 4 ग्राम स्मैक, एक प्रकरण में 85.56 किलो अफीम




और एक प्रकरण में 252 ग्राम एमडी जब्त की।

जैतारण थाना क्षेत्र में भी 85.38 किलो अफीम जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया।

### 170 लोगों की हुई काउंसलिंग

शिक्षा विभाग की ओर से एएसडी कॉलेज ब्यावर में दो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। वहीं तिरंगा यात्रा के दौरान भी छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। चिकित्सा विभाग ने अगस्त माह में 170 लोगों को नशामुक्ति एवं नशे से संबंधित काउंसलिंग प्रदान की।

### समन्वित प्रयासों से बनेगा नशामुक्त समाज

जिला कलक्टर कमल राम मीना ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक के साथ युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से प्रवर्तन, जागरूकता, उपचार और परामर्श गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

# ब्यावर निकाय चुनाव में आरएलपी-आप की दस्तक, कई वार्डों में मुकाबला बहुकोणीय

**आरएलपी ने 12 तो आप ने 11 प्रत्याशियों को उतारा मैदान में, भाजपा-कांग्रेस के चुनावी समीकरणों पर पड़ सकता है असर**

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव को लेकर शहर की सियासत लगातार गरमाती जा रही है। भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बाद अब राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) और आम आदमी पार्टी (आप) ने भी अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। दोनों दलों की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कई वार्डों में मुकाबला रोचक और बहुकोणीय हो गया है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष शौकीन काठात ने विज्ञप्ति जारी कर नगर परिषद चुनाव के लिए 11 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के जिला संयोजक शहजाद खॉन ने पार्टी



की ओर से 12 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा की है। भाजपा और कांग्रेस के साथ आरएलपी व आप के प्रत्याशियों के मैदान में आने से संबंधित वार्डों में चुनावी समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है। अब प्रत्याशियों के सामने मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने के साथ ही स्थानीय मुद्दों को लेकर जनसमर्थन जुटाने की चुनौती होगी। राजनीतिक जानकारों की नजर अब उन वार्डों पर है, जहां आरएलपी और आप के प्रत्याशी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। इन दलों के प्रत्याशियों को मिलने वाले मत कई वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच जीत-हार के अंतर को प्रभावित कर सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के बाद अब चुनावी मैदान में तस्वीर तेजी से साफ हो रही है। आने वाले दिनों में जनसंपर्क और प्रचार अभियान के साथ वार्डवार मुकाबला और तेज होने की उम्मीद है। ब्यावर नगर परिषद चुनाव में आरएलपी और आप की एंट्री ने राजनीतिक मुकाबले को नया मोड़ दे दिया है।

## दिपक हवा के जोके से बुझ जाता है, किन्तु आध्यात्मिक प्रकाश कभी नही बुझता : साध्वी श्री प्रतिभा श्रीजी



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।** सेन्थी स्थित शांति भवन मे चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान जैन सिदान्ताचार्य श्री प्रतिभा श्री जी म.सा. ने व्याख्यान के दौरान फरमाया कि भौतिक प्रकाश की सीमा है किन्तु आध्यात्मिक प्रकाश असीमित है। मिट्टी के दिपक को प्रज्वलित करने के लिए तेल व बाती चाहिए वह अंधकार का भक्षण कर धुआ ऊंगलता है व सीमित क्षेत्र ही प्रकाशवान करता है। दिपक हवा के जोके से बुझ जाता है, किन्तु आध्यात्मिक प्रकाश कभी बुझता नही है। मनुष्य ऐसी प्रकाश यात्रा मे विश्वास रखता है जहाँ उसका कल्याण हो। दिपक का गुण है स्वंय प्रकाशित होना। आप भी आध्यात्मिक रूपी दिपक को जलाकर अन्य लोगो को प्रकाशित कर सकते हो, जरूरत है मजबूत ईच्छा शक्ति की। दिपक 4 प्रकार के होते है, दिन का दिपक सूर्य, रात्री का दिपक चन्द्र, कुल का दिपक पुत्र व तीनो का दिपक तीर्थकर। अतिजात या अनुजात पुत्र अपने कुल को आलोकित करता है जो अपने कुटुम्ब को अंधकार से उजाले की ओर ले जाता है। नवकार मंत्र के जाप की श्रृंखला मे कल 1 सितम्बर के जाप के लाभार्थी सागरमल, दिव्या बोहरा रहेंगे। श्री संघ सेन्थी ने प्रवचन ओर जाप में अधिकाधिक संख्या मे पधारकर धर्म लाभ लेने का आव्हान किया।

### कांग्रेस टिकट वितरण पर ब्यावर में बगावत, सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

# महात्मा गांधी सर्किल पर पुतला दहन कर जताया विरोध, किशोर चौधरी, आशीष पाल पदावत और अजय शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद पार्टी में टिकट वितरण को लेकर विरोध खुलकर सामने आ गया। सोमवार को कांग्रेस के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी सर्किल पर प्रदर्शन करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौधरी, खनन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशीष पाल पदावत तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शर्मा के पुतले फूंके। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए टिकट वितरण में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पुराने, निष्ठावान और जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर कई वार्डों में ऐसे लोगों को टिकट दिए गए हैं, जिनका संगठन में लंबे समय से सक्रिय योगदान नहीं रहा। कार्यकर्ताओं ने टिकट वितरण में धनबल, राजनीतिक सांठगांठ और स्थानीय स्तर पर नामों में बदलाव किए जाने के आरोप भी लगाए। इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।



### प्रदेश नेतृत्व की सहमति वाली सूची में बदलाव का आरोप

कांग्रेस नेता राहुल सांखला ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की सहमति से तैयार की गई सूची में स्थानीय स्तर पर बदलाव किए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर टिकट दिए जाने से कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। सांखला ने टिकट वितरण की जांच कराने की मांग की।

### संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप

पूर्व पार्षद अब्दुल मजीद ने कहा कि कांग्रेस के धरने, प्रदर्शन, जयंती और पुण्यतिथि सहित संगठनात्मक कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय रहने वाले कार्यकर्ताओं को टिकट वितरण में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं की जगह नए चेहरों को प्राथमिकता दी गई।

### कार्यकर्ताओं की नाराजगी का चुनाव पर असर पड़ने की आशंका

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एहसान चिंगारी ने कहा कि पार्टी के सच्चे और समर्पित कार्यकर्ताओं की नाराजगी को नजरअंदाज करना चुनाव में भारी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण से पैदा हुए असंतोष को समय रहते दूर करने की आवश्यकता है।

#### चहेतों को टिकट देने का आरोप

पूर्व पार्षद मनीष व्यास ने भी टिकट वितरण पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कई वार्डों में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं के बजाय स्थानीय नेताओं के चहेते लोगों को टिकट दिए गए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सर्किल पर हुआ प्रदर्शन कार्यकर्ताओं की नाराजगी का परिणाम है।

#### शाहिद खान ने भी उठाए सवाल

युवा नेता शाहिद खान ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की सहमति से तैयार सूची में स्थानीय स्तर पर बदलाव किए गए। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण को लेकर कार्यकर्ताओं में गहरा रोष है और प्रदेश नेतृत्व को पूरे मामले का संज्ञान लेकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

#### पुतला दहन से सामने आई नाराजगी

नगर परिषद चुनाव से ठीक पहले टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस में सामने आया विरोध पार्टी के लिए चुनौती बन गया है। महात्मा गांधी सर्किल पर हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने से संगठन के भीतर असंतोष सार्वजनिक हो गया। कार्यकर्ताओं ने टिकट वितरण की समीक्षा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। अब देखना होगा कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व इस विरोध को लेकर क्या कदम उठाता है और नाराज कार्यकर्ताओं को किस तरह साधता है।

## कांग्रेस पार्टी ने उनियारा नगरपालिका के सभी 20 वार्डों में उतारे अधिकृत प्रत्याशी,

### नामांकन के अंतिम दिन रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) के समक्ष दाखिल किए नामांकन-चुनावी सरगर्मियां हुई तेज

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार, 31 अगस्त को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही नगरपालिका उनियारा क्षेत्र में कांग्रेस के सभी अधिकृत प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्डों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस ने उनियारा नगरपालिका के सभी 20 वार्डों में अधिकृत प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारकर अपनी चुनावी रणनीति स्पष्ट कर दी है। कांग्रेस पार्टी के सभी 20 अधिकृत प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सुमन गुर्जर के समक्ष अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रत्याशियों ने मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है, जिससे नगर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस पार्टी के अलीगढ़ (उनियारा) ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चन्द धाकड़ ने बताया कि पार्टी ने उनियारा नगरपालिका के सभी 20 वार्डों में अधिकृत प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में कार्य करेंगे।

#### वार्डवार कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी

कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों में वार्ड संख्या 1 से कौशल राज जैन, वार्ड 2 से विष्णु सैनी, वार्ड 3 से इकबाल अहमद, वार्ड 4 से नरेश गुर्जर, वार्ड 5 से अजय कुमार कुशवाह, वार्ड 6 से धनराज सैनी, वार्ड 7 से हेमन्त महावर, वार्ड 8 से पूजा चंदेल, वार्ड 9 से चेतन कुमार भट्ट, वार्ड 10 से अरविन्द बैरवा, वार्ड 11 से संदीप कुमार गुप्ता, वार्ड 12 से धर्म प्रकाश शर्मा, वार्ड 13 से कन्हैया लाल सैनी, वार्ड 14 से अमृता, वार्ड 15 से ऊषा कंवर, वार्ड 16 से ममता सेन, वार्ड 17 से बुद्धिप्रकाश वैष्णव, वार्ड 18 से बाबूलाल माली, वार्ड 19 से परवीन बी तथा वार्ड 20 से जमीला को कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चन्द धाकड़ ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीब उत्थान, सुशासन और जनता की सेवा के संकल्प के साथ नगर पालिका चुनाव में जनता के बीच जाएगी। कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं और आमजन से पार्टी के सभी अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रत्याशियों के जनसंपर्क अभियान के साथ उनियारा नगरपालिका क्षेत्र में चुनावी माहौल और अधिक गरमाने लगा है।

## निकाय चुनाव से पहले बेगूं में भाजपा का दमदार आगाज, चार प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़,** । निकाय चुनाव के औपचारिक मतदान से पहले ही बेगूं में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार शुरुआत करते हुए चार वार्डों में निर्विरोध जीत दर्ज की है। भाजपा के वार्ड संख्या 6 से देवीलाल सालवी, वार्ड संख्या 7 से रवि रेगर, वार्ड संख्या 34 से सुमन गुर्जर तथा वार्ड संख्या 35 से सुशील कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। चारों प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचित होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि यह निर्विरोध जीत संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनता के बीच भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास का परिणाम है। निकाय चुनाव से पहले बेगूं में चार वार्डों में मिली यह सफलता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण बढ़त मानी जा रही है।

सांसद सी.पी. जोशी ने चारों निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की यह जीत संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के परिश्रम और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर निकाय चुनाव में भी पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने कहा कि यह जीत भाजपा के मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में है और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के साथ भाजपा शानदार परिणाम हासिल करेगी।

विधायक सुरेश धाकड़ ने कहा कि बेगूं में चार प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन भाजपा के प्रति जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की एकजुटता को दर्शाता है। उन्होंने निर्विरोध निर्वाचित सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इसी उत्साह और एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में जुटें और पार्टी को मजबूत बनाएं।

इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी, गौतम दक, चन्द्रभान सिंह आक्या, अर्जुनलाल जीनगर, जिला संगठन प्रभारी गोपाल कुमावत, सह प्रभारी नरेंद्र जैन, जिला महामंत्री रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रूद एवं कैलाश मंत्री सहित भाजपा पदाधिकारियों ने चारों निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों ने कहा कि बेगूं में निकाय चुनाव से पहले मिली सफलता पार्टी के मजबूत संगठन और बढ़ते जनविश्वास का संकेत है।

## नामांकन के अंतिम दिन ब्यावर में उमड़ा चुनावी उत्साह, 516 पर्चे दाखिल

### 60 वार्डों के लिए अब तक 635 नामांकन जमा, 1 सितंबर को होगी नामांकन पत्रों की संवीक्षा

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद ब्यावर के 60 वार्डों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा कराने के अंतिम दिन सोमवार को अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। अंतिम दिन कुल 516 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। इसके साथ ही अब तक नगर परिषद के सभी 60 वार्डों के लिए कुल 635 नाम निर्देशन पत्र जमा हो चुके हैं।




नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 1 सितंबर को प्रातः 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। संवीक्षा उपखंड अधिकारी ब्यावर के सभागार (पुराना वीसी हॉल) में होगी। वहीं, चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के पास नाम वापस लेने का अवसर भी रहेगा। अभ्यर्थी 3 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक उपखंड अधिकारी ब्यावर के सभागार में नाम वापसी का आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। अंतिम दिन बड़ी संख्या में नामांकन जमा होने के बाद अब चुनावी तस्वीर और स्पष्ट होने लगी है। संवीक्षा एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ब्यावर के 60 वार्डों में चुनावी मुकाबले की वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

## अखिल भारतीय बैरवा महासभा राजस्थान, जिला शाखा जयपुर के अध्यक्ष एवं महामंत्री निर्वाचित

स्मार्ट हलचल

**जयपुर/भरत देवड़वाल।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा राजस्थान के तत्वाधान में जयपुर जिला एवं तहसील स्तरीय प्रमुख पदों पर विगत दिवस हुए मतदान की मतगणना आज डॉ बी आर अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी झालाना, जयपुर में की गई। उक्त चुनावी व्यवस्थाओं में रोडू राम सुलानिया, मुख्य चुनाव अधिकारी, एडवोकेट शंकरलाल बैरवा, जयपुर संभाग चुनाव अधिकारी, डॉ. विजय लाल बैरवा, प्रदेश संयोजक, राजस्थान चुनाव अनुशासन समिति, धन्ना लाल बैरवा, जयपुर संभाग पर्यवेक्षक, जिला जयपुर चुनाव अधिकारी किशन लाल बंशीवाल, सहायक जिला चुनाव अधिकारी हरिराम नागरवाल, राजेंद्र प्रसाद बैरवा,



पांचूराम बैरवा, टुमनपति बैरवा एवं समस्त मतगणना अधिकारियों द्वारा बेहतरीन उत्तरदायित्व निभाते परिणाम जारी किया गया। जिसमे जयपुर जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार बैरवा, जिला महामंत्री किशन लाल बैरवा तथा बस्सी तहसील अध्यक्ष मुन्ना लाल बैरवा, महामंत्री बाबूलाल बैरवा, तूंगा तहसील अध्यक्ष रामफूल चंद बैरवा, महामंत्री बनवारी लाल बैरवा, चाकसू तहसील अध्यक्ष रामफूल बैरवा, महामंत्री जयनारायण बैरवा, कोटखावदा तहसील अध्यक्ष बनवारी लाल बैरवा, महामंत्री राजूलाल बैरवा, सांगानेर तहसील अध्यक्ष मोहन लाल बैरवा, महामंत्री अशोक कुमार बैरवा विजेता घोषित किए किए। मुख्य चुनाव अधिकारी रोडू राम सुलानिया द्वारा सभी विजेताओं को महासभा की विधानानुसार शपथ दिलाई गई, विजेता प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। सभी विजेताओं में महासभा की प्रगति हेतु पूर्ण निष्ठा एवं समर्पणता से कार्य संपादन का संकल्प लिया। साथ ही चुनाव कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज सेवकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, अमर चंद बैरवा लांका, प्रदेश महामंत्री, डॉ विजय लाल बैरवा, प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक, राजस्थान अनुशासन समिति, एडवोकेट शंकर लाल बैरवा, संभाग चुनाव अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में समवेत एवं समाज हित, समाज उत्थान में बेहतर कार्य करने के लिए आह्वान किया तथा उपस्थित समस्त पदाधिकारियों, सहयोगियों का आभार, धन्यवाद प्रकट किया गया।

## नशामुक्त राजस्थान के संकल्प को लेकर राष्ट्रवादी संत श्रीराम महाराज ने ANTF आईजी विकास कुमार से की मुलाकात

स्मार्ट हलचल

**जयपुर / टोंक जिले** के निवाई उपखंड के कांटोली गांव स्थित महाभारतकालीन प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर एवं नशा मुक्ति अभियान संचालक श्रीराम महाराज अघोरी ने राजस्थान को नशामुक्त बनाने के संकल्प को लेकर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) के आईजी विकास कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने को लेकर विशेष चर्चा हुई। राम महाराज अघोरी ने प्रदेश में बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और



समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए सामाजिक जागरूकता के साथ प्रशासन और पुलिस के प्रयासों को जनभागीदारी से जोड़ना जरूरी है। श्री राम महाराज लंबे समय से नशा मुक्ति के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए अभियान चला रहे हैं। उनका प्रयास है कि युवाओं आनेवाली पीढ़ी को नशे से दूर रखकर शिक्षा, संस्कार, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान को नशामुक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। आईजी विकास कुमार से चर्चा के दौरान नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने, युवाओं में जागरूकता बढ़ाने तथा नशे के विरुद्ध चल रहे अभियानों को सामाजिक संगठनों एवं संत समाज के सहयोग से और मजबूत करने पर विचार-विमर्श हुआ। श्रीराम महाराज ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवार, समाज, धार्मिक संस्थाएं, युवा और प्रशासन एकजुट होकर प्रयास करें तो राजस्थान को नशामुक्त बनाने का संकल्प मजबूत होगा।

#### नशे के खिलाफ विकास कुमार की मुहिम –

आपको बता दें की राजस्थान में नशे के खिलाफ ANTF की कार्रवाई को आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में लगातार धार मिली है। उनके निर्देशन में अफीम, डोडा-पोस्त, गांजा, स्मैक और सिंथेटिक ड्रग्स की बड़ी खेप बरामद की गई है। बड़े तस्करों और लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ अंतरराज्यीय नेटवर्क पर भी शिकंजा कसा गया है। अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने से लेकर रूठ ड्रग तैयार करने वाली इकाइयों का भंडाफोड़ तक कार्रवाई की गई है। अभियान का फोकस केवल खेप पकड़ने तक नहीं, बल्कि स्रोत, सप्लायर और पूरे नेटवर्क तक पहुंचने पर है।

## निकाय चुनाव से पहले बेगूं में भाजपा का दमदार आगाज, चार प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़,** । निकाय चुनाव के औपचारिक मतदान से पहले ही बेगूं में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार शुरुआत करते हुए चार वार्डों में निर्विरोध जीत दर्ज की है। भाजपा के वार्ड संख्या 6 से देवीलाल सालवी, वार्ड संख्या 7 से रवि रेगर, वार्ड संख्या 34 से सुमन गुर्जर तथा वार्ड संख्या 35 से सुशील कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। चारों प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचित होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि यह निर्विरोध जीत संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनता के बीच भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास का परिणाम है। निकाय चुनाव से पहले बेगूं में चार वार्डों में मिली यह सफलता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण बढ़त मानी जा रही है। सांसद सी.पी. जोशी ने चारों निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की यह जीत संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के परिश्रम और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर निकाय चुनाव में भी पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने कहा कि यह जीत भाजपा के मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में है और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के साथ भाजपा शानदार परिणाम हासिल करेगी। विधायक सुरेश धाकड़ ने कहा कि बेगूं में चार प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन भाजपा के प्रति जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की एकजुटता को दर्शाता है। उन्होंने निर्विरोध निर्वाचित सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इसी उत्साह और एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में जुटें और पार्टी को मजबूत बनाएं। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी, गौतम दक, चन्द्रभान सिंह आक्या, अर्जुनलाल जीनगर, जिला संगठन प्रभारी गोपाल कुमावत, सह प्रभारी नरेंद्र जैन, जिला महामंत्री रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रूद एवं कैलाश मंत्री सहित भाजपा पदाधिकारियों ने चारों निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों ने कहा कि बेगूं में निकाय चुनाव से पहले मिली सफलता पार्टी के मजबूत संगठन और बढ़ते जनविश्वास का संकेत है।

# 200 विद्यार्थियों की नेत्र जांच, योग से दिया तनावमुक्त अध्ययन का मंत्र

### तनावमुक्त पढ़ाई और सकारात्मक सोच का संदेश लेकर विद्यालय पहुंचा लायंस क्लब कोटा

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए संस्कार, स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और जीवन कौशल से जोड़ने के उद्देश्य से लायंस क्लब कोटा ने लाडपुरा स्थित महात्मा गांधी विद्यालय में बहुआयामी सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम और 'लायन रोहित मेहता वीक' के तहत हुए आयोजन में करीब 200 विद्यार्थियों की निःशुल्क नेत्र जांच के साथ योग, एकाग्रता और संस्कार निर्माण संबंधी गतिविधियां कराई गईं। अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि 'लायन रोहित मेहता वीक' के तहत



विद्यार्थियों को तनावमुक्त अध्ययन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या माला हीरानी ने अतिथियों और क्लब सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और जीवन मूल्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लायंस क्लब की गतिविधियों की सराहना की। क्लब सचिव लक्ष्मीकांत पारीक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अच्छे संस्कार और जीवन कौशल विकसित करना है। विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान तनाव और दबाव से निपटने के लिए योग, प्राणायाम और एकाग्रता बढ़ाने वाली गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान 'वॉल ऑफ ग्रेटीट्यूड' गतिविधि के माध्यम से बच्चों को कृतज्ञता, सम्मान और सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि नैतिक मूल्य और सकारात्मक सोच न केवल व्यक्तित्व को सशक्त बनाते हैं, बल्कि बेहतर अध्ययन और जीवन में सफलता के लिए भी महत्वपूर्ण आधार तैयार करते हैं। विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब कोटा के अध्यक्ष लायन रमेश चंद्र शर्मा, सचिव लायन लक्ष्मीकांत पारीक, लायन शंकर सुखवानी, राम मदनानी, भागचंद हेमलानी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## शाहपुरा में नगर पालिका चुनाव का उत्साह चरम पर नामांकन के अंतिम दिन उमड़ी भीड़



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा-शाहपुरा नगर पालिका के 35 वार्डों में होने वाले आगामी आम चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई है । नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन रविवार को निर्वाचन कार्यालय में अभ्यर्थियों और उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर निर्वाचन कार्यालय परिसर में चुनावी गतिविधियां और समर्थकों की आवाजाही बनी रही। रिटर्निंग अधिकारी बनवारी सिनसिनवार ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता की पालना के तहत अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र स्वीकार किए। विभिन्न वार्डों से प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन दाखिल किए गए। अंतिम दिन तक शाहपुरा नगर पालिका चुनाव के लिए कुल नाम निर्देशन पत्रों की संख्या 250 के पार पहुंच गई, जिससे नगर पालिका चुनाव में विभिन्न वार्डों में रोचक एवं बहुकोणीय मुकाबले होने के संकेत मिल रहे हैं। नगर पालिका के 35 वार्डों में चुनाव को लेकर प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब लोगों की निगाहें नामांकन पत्रों की जांच और प्रत्याशियों की अंतिम सूची पर टिकी हुई हैं। चुनावी मैदान में बड़ी संख्या में प्रत्याशियों के उतरने से शाहपुरा नगर पालिका का चुनाव इस बार काफी रोचक होने की संभावना है।

# फेज-6 के विरोध में अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया न्यायिक कार्यों का बहिष्कार

**5 वर्ष से कम पुराने प्रकरणों को लक्षित श्रेणी में शामिल करने पर जताई आपत्ति, सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के नाम ज्ञापन भेजा**

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़, ।** न्याय की गुणवत्ता एवं निष्पक्ष सुनवाई को प्राथमिकता देने तथा लक्षित प्रकरणों के निस्तारण संबंधी योजना (फेज-6) में 5 वर्ष से कम पुराने प्रकरणों को शामिल किए जाने के विरोध में जिला अभिभाषक संस्थान चित्तौड़गढ़ के अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर न्यायिक कार्यों का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए अपने मुख्यालय के मुख्य पीठासीन अधिकारी के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। जिला अभिभाषक संस्थान के अध्यक्ष नरेश शर्मा की अध्यक्षता में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालय का द्वार खटखटाने वाला प्रत्येक व्यक्ति केवल शीघ्र निर्णय नहीं, बल्कि निष्पक्ष, तर्कपूर्ण, सत्यनिष्ठ और न्यायसंगत निर्णय चाहता है। उनका कहना था कि केवल संख्यात्मक लक्ष्य अथवा निर्धारित अवधि के आधार पर प्रकरणों के निस्तारण की होड़ से न्याय की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है।



### 5 वर्ष से कम पुराने प्रकरणों को लेकर जताई आपत्ति

अधिवक्ताओं के अनुसार हाईकोर्ट के संदर्भित पत्र के माध्यम से अधीनस्थ न्यायालयों में लक्षित प्रकरणों के निस्तारण के लिए फेज-6 कार्य योजना निर्धारित की गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार ऐसी योजना प्रारंभ में 20 वर्ष अथवा उससे अधिक पुराने प्रकरणों के निस्तारण के उद्देश्य से शुरू हुई थी, लेकिन वर्तमान चरण में 5 वर्ष से कम पुराने प्रकरणों को भी लक्षित श्रेणी में शामिल किया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने आशंका जताई कि इससे अधीनस्थ न्यायालयों में न्याय की गुणवत्ता के बजाय संख्यात्मक निस्तारण को प्राथमिकता मिलने की स्थिति बन सकती है। इससे पर्याप्त सुनवाई, साक्ष्य के समुचित मूल्यांकन और कारणयुक्त निर्णय जैसे न्यायिक प्रक्रिया के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका भी व्यक्त की गई।

### फेज-6 की समीक्षा और न्यायिक सुधारों की मांग

ज्ञापन में फेज-6 के अंतर्गत 5 वर्ष से कम पुराने प्रकरणों को लक्षित श्रेणी में शामिल करने की तत्काल समीक्षा एवं निरस्तीकरण की मांग की गई। साथ ही प्रकरणों के निस्तारण में केवल संख्यात्मक लक्ष्य के बजाय न्याय की गुणवत्ता, निष्पक्ष सुनवाई एवं कारणयुक्त निर्णय को प्राथमिकता देने की मांग रखी गई। अधिवक्ताओं ने न्यायालयों की वास्तविक क्षमता एवं प्रकरणों की जटिलता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारण में लचीलापन रखने, न्यायिक अधिकारियों के मूल्यांकन में विधिक शुद्धता एवं निर्णय की गुणवत्ता को महत्व देने, न्यायालयों एवं न्यायिक/सहायक पदों की संख्या बढ़ाने तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा पुराने प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए अतिरिक्त पीठ, विशेष सुनवाई, मध्यस्थता एवं आधुनिक केस-मैनेजमेंट अपनाने तथा किसी भी नई योजना से पूर्व न्यायिक अधिकारियों एवं बार संस्थाओं से प्रभावी परामर्श करने की मांग भी ज्ञापन में की गई।

### बांसवाड़ा के नवीन न्यायालय परिसर को लेकर भी मांग

ज्ञापन में बांसवाड़ा के नवीन न्यायालय परिसर में न्यायालयों के स्थानांतरण से पूर्व अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त चैंबर्स, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। इस दौरान जिला अभिभाषक संस्थान के अध्यक्ष नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष चांदनी बैरागी, सचिव लोकेन्द्र सिंह राणावत, सहसचिव विशाल सिंह भाटी, कोषाध्यक्ष कमलेश सुखवाल, पुस्तकालय प्रभारी रोहित खटीक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यपाल सिंह सोलंकी, दिनेश कुमार मोड, श्याम शर्मा, शिव नारायण जाट, दिलीप जैन, सावन श्रीमाली, शैलेंद्र सिंह राव, शंकर पुरी गोस्वामी, इनायत अली, मदन त्रिपाठी, अल्पेश पुरी गोस्वामी, राजेंद्र सिंह राठौड़, भेरूदास वैष्णव, राजेंद्र सुखवाल, ख्याली लाल सुखवाल, जेपी नैनवा, पुरण मेनारिया, रतन कुमावत, लोकेश शर्मा, अनुराग दाधीच, महेन्द्र सिंह चावड़ा, नागेन्द्र सिंह झाला, विश्वास शर्मा, गुलशेर अली, राखी राव, भारती गहलोत, यास्मीन शेख, यशोदा गर्ग सहित जिला अभिभाषक संस्थान के समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

**तीज पर माहेश्वरी सिंजारा उत्सव में छलकी राजस्थानी संस्कृति की छटा**

# श्रृंगार थीम पर प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रश्नोत्तरी का हुआ आयोजन

**सोलह श्रृंगार से लहरिया तक, तीज उत्सव में सजे संस्कृति के रंग**

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** "आया तीज का त्यौहार, लाया सिंजारे की बहार" की थीम पर कजली तीज के अवसर पर श्री माहेश्वरी सेवा संस्थान नया कोटा द्वारा श्री माहेश्वरी भवन, झालावाड़ रोड पर सिंजारा एवं तीज उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राजस्थानी संस्कृति और लोक परंपराओं की रंगारंग छटा प्रस्तुत की। श्री माहेश्वरी सेवा संस्थान नया कोटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भंडारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की विशेष थीम 'श्रृंगार' रखी गई। इसी के अनुरूप घेवर एवं सोलह श्रृंगार पैकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने घर से तैयार कर आकर्षक और सुसज्जित प्रस्तुतियां प्रदर्शित कीं। महिला मण्डल अध्यक्ष सरिता मोहता एवं महामंत्री श्वेता



माहेश्वरी ने बताया कि प्रतियोगिता में रानी सोडानी, ज्योति माहेश्वरी, रश्मि काल्या एवं भारती काल्या को विजेता घोषित कर पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में काजल, मेहंदी, चूड़ी, बिंदी और लहरिया जैसे श्रृंगार के विभिन्न रंगों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान थीम आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित समाजबंधुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इसके साथ ही बेस्ट मैचिंग कपल, बेस्ट हेयर स्टाइल, बेस्ट लहरिया और मेहंदी सहित विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। महिलाओं ने मारवाड़ी में एक लघु नाटिका की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। तीज से संबंधित सिंजारा गीतों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को पारंपरिक रंगों से सराबोर कर दिया। पहेलियों और रोचक गतिविधियों में भी समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पश्चिमांचल उपसभापति राजेशकृष्ण बिरला ने कहा कि तीज राजस्थान का प्रमुख लोकपर्व है। इस अवसर पर नववधुओं के लिए सिंजारा ले जाने की परंपरा रही है। ऐसे लोकपर्व हमारी समृद्ध संस्कृति की झलक प्रस्तुत करने के साथ समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए।

इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, सचिव बिठ्ठलदास मूंदड़ा,नंद किशोर काल्या,राजेन्द्र शारदा,धनश्याम मूंदडा, शिक्षाविद गोविंद माहेश्वरी, पूर्वी राजस्थान के प्रदेश मंत्री महेशचंद अजमेरा, सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भंडारी, आनंद राठी सहित,सुरेश चंद काबरा,ओम गट्टानी, के जी जाखेटिया,रामचरण धूत,पुरूषोत्तम बल्दुया,सत्यनारायण चाण्डक, अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन निशाधूत ?ने किया। अंत में संस्थान के मंत्री दामोदर मूंदड़ा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं समाजबंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## उदयपुर जिले में 4.73 लाख मतदाता चुनेंगे शहरी सरकार

**छह नगरीय निकायों में 190 वार्ड, 523 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान**

**नगर निगम में सर्वाधिक 4.16 लाख मतदाता**

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर, ।** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर उदयपुर जिले के नगरीय निकायों में मतदान की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले के छह नगरीय निकायों में कुल 190 वार्ड और 523 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन सभी नगरीय निकायों में कुल 4,73,690 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 2,38,142 पुरुष, 2,35,529 महिला और 19 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

### नगर निगम उदयपुर में सबसे अधिक मतदाता

उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि उदयपुर नगर निगम में कुल 80 वार्ड हैं। यहां 413 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 406 नियमित तथा 7 ऑक्सिलरी शामिल हैं। नगर निगम क्षेत्र में कुल 4,16,143 मतदाता हैं। इनमें 2,09,048 पुरुष, 2,07,081 महिला और 14 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार मावली में 20 वार्डों में कुल 20 मतदान केंद्र स्थापित होंगे। इसमें 8198 मतदाता वोटिंग करेंगे। इनमें 4,132 पुरूष, 4,063 महिलाएं तथा 3 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल हैं। वल्लभनगर में 20 वार्डों में 20 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। कुल 8314 मतदाता हैं, जिसमें 4222 पुरूष एवं 4092 महिलाएं शामिल हैं। भीण्डर में 25 वार्डों में 25 मतदान केंद्र रहेंगे। कुल मतदाता 13916 हैं, इनमें 7092 पुरूष, 6822 महिलाएं तथा 2 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल हैं। फतहनगर-सनवाड़ में 25 वार्डों में 25 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। इसमें कुल 17724 मतदाता वोटिंग करेंगे। इसमें पुरूषों की संख्या 8891 एवं महिलाओं की संख्या 8833 है। कानोड़ के 20 वार्डों में कुल 20 मतदान केंद्रों पर 9395 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरूषों की संख्या 4757 एवं महिलाओं की संख्या 4638 है।

## जाट समाज की बैठक ऋषि मगरी में सम्पन्न, तेजादशमी महोत्सव को लेकर बनी रणनीति



स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़, ।** आज पारोली के पास ऋषि मगरी महादेवजी के स्थान पर ब्लॉक अध्यक्ष पप्पूलाल जाट की अध्यक्षता में जिला जाट समाज चित्तौड़गढ़ ब्लॉक की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जाट समाज के जिला अध्यक्ष देवीलाल, पूर्व जिला अध्यक्ष मिट्ठूलाल, युवा जिला अध्यक्ष सागर भाई एवं निम्बाहेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल जाट रहे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष गोवर्धनलाल, जिला सचिव कैलाश धनेत, वरिष्ठ किसान नेता नारूलाल, इकाई अध्यक्ष जमनालाल सहित समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य तेजादशमी महोत्सव को लेकर चर्चा करना रहा। सभी ने तेजादशमी महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही निर्णय लिया गया कि मेले में किसी भी प्रकार के वाहन से स्टंटबाजी नहीं की जाएगी और कोई भी व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर मेले में नहीं आएगा। सभी लोग अपने-अपने साधनों को इंदिरा गांधी स्टेडियम में खड़ा कर पैदल यात्रा में शामिल होंगे। बैठक में शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज के राजनीतिक महत्व पर भी चर्चा हुई। उपस्थित समाजजनों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक में बताया गया कि तेजादशमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर आगामी बैठक 2 सितंबर को जाट छात्रावास में आयोजित की जाएगी।

## उदयपुर जिले में 4.73 लाख मतदाता चुनेंगे शहरी सरकार

**छह नगरीय निकायों में 190 वार्ड, 523 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान**

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर, ।** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर उदयपुर जिले के नगरीय निकायों में मतदान की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले के छह नगरीय निकायों में कुल 190 वार्ड और 523 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन सभी नगरीय निकायों में कुल 4,73,690 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 2,38,142 पुरुष, 2,35,529 महिला और 19 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

### नगर निगम उदयपुर में सबसे अधिक मतदाता

उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि उदयपुर नगर निगम में कुल 80 वार्ड हैं। यहां 413 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 406 नियमित तथा 7 ऑक्सिलरी शामिल हैं। नगर निगम क्षेत्र में कुल 4,16,143 मतदाता हैं। इनमें 2,09,048 पुरुष, 2,07,081 महिला और 14 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार मावली में 20 वार्डों में कुल 20 मतदान केंद्र स्थापित होंगे। इसमें 8198 मतदाता वोटिंग करेंगे। इनमें 4,132 पुरूष, 4,063 महिलाएं तथा 3 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल हैं। वल्लभनगर में 20 वार्डों में 20 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। कुल 8314 मतदाता हैं, जिसमें 4222 पुरूष एवं 4092 महिलाएं शामिल हैं। भीण्डर में 25 वार्डों में 25 मतदान केंद्र रहेंगे। कुल मतदाता 13916 हैं, इनमें 7092 पुरूष, 6822 महिलाएं तथा 2 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल हैं। फतहनगर-सनवाड़ में 25 वार्डों में 25 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। इसमें कुल 17724 मतदाता वोटिंग करेंगे। इसमें पुरूषों की संख्या 8891 एवं महिलाओं की संख्या 8833 है। कानोड़ के 20 वार्डों में कुल 20 मतदान केंद्रों पर 9395 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरूषों की संख्या 4757 एवं महिलाओं की संख्या 4638 है।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ खंड सुनेल की बैठक संपन्न हुई।

**नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया**



स्मार्ट हलचल


**सुनेल** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ खंड सुनेल में महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनेल मां सरस्वती प्रार्थना के साथ साधारण सभा आयोजन का प्रारंभ हुआ प्रथम सत्र में जिले से नियुक्त खंड पालक जगदीश गौतम द्वारा संगठन परिचय एवं खंड अध्यक्ष हेमराज पांचाल द्वारा गत सत्र की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात नवीन कार्यकारिणी हेतु पांच पदों की जिसमें अध्यक्ष हेमराज पांचाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कसाना, मंत्री मनोहर सिंह नागर, कोषाध्यक्ष अंकित सोनी,उपाध्यक्ष महिला रेखा नागर की घोषणा की गई इनका प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश कुमार टेलर ने किया एवं अनुमोदन प्रांतीय सदस्य अशोक कुमार गहलोत ने किया । द्वितीय सत्र में खंड कार्यकारिणी के बीस सदस्यों एवं जिला साधारण सभा के पांच सदस्यों अशोक गहलोत , बाबूलाल मेहर, लक्ष्मी नारायण नागर,रामनारायण गुर्जर, प्रहलाद सिंह, उपाध्याय पुरुष रामविलास शर्मा, महिला मंत्री मधु राठौड़, महिला शिक्षक वंदना श्रृंगी का मनोनय किया । इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार गुप्ता , जिला सचिव देवी सिंह नागर,राजकुमार जाट , दारा सिंह नागर, जुगल किशोर अवस्थी, नैन सिंह , हनुमान सेन रामेश्वर मेहर , आनंदी लाल बैरवा, राजाराम नागर, श्रवण कुमार, प्रेमचंद , मुकेश जांगिड़ , दुर्गाशंकर मेघवाल , नरेन्द्र गौड , महेश ओला , कन्हैया लाल मीणा, पवन राठौर, प्रशांत जोशी , राजेश पाटीदार, ज्ञानचन नागर, बलवान सिंह, लालचंद प्रजापत , बालमुकुंद नायक सहित 50 से अधिक शिक्षक उपस्थित रहे।

# किसान महापंचायत : निलंबित खाद विक्रेता के लाइसेंस की सार्वजनिक सूचना नहीं होने से किसान परेशान,

**23 अगस्त को डीएपी के नाम पर यूरिया का बिल काटने और निर्धारित दर से अधिक राशि लेने के आरोप-कृषि विभाग की कार्रवाई पर भी उठे सवाल**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/जयपुर।** जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कृषि विभाग द्वारा 27 अगस्त से एफएफएस (FFS) एप्प के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था शुरू किए जाने के बाद नानेर स्थित मैसर्स जैन खाद बीज भंडार पर पहुंचे किसानों को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ा, जब दुकानदार ने अपना लाइसेंस निलंबित होने की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार डोडवाड़ी निवासी किसान गोपीलाल यूरिया के 20 बैग, रामलाल 20 बैग, छोटू 20 बैग, धर्मराज 5 बैग तथा महिला कृषक गीता देवी 18 बैग यूरिया लेने के



लिए मैसर्स जैन खाद बीज भंडार, नानेर पहुंचे थे। दुकानदार द्वारा उन्हें बताया गया कि उसका लाइसेंस निलंबित हो चुका है। किसानों द्वारा निलंबन आदेश की प्रतिलिपि मांगे जाने पर व्यापारी ने आदेश की प्रति उपलब्ध कराई।

### डीएपी के नाम पर अधिक राशि लेने और यूरिया का बिल काटने का आरोप

किसानों के अनुसार 23 अगस्त को सत्यनारायण नामक किसान डीएपी उर्वरक लेने के लिए उक्त प्रतिष्ठान पर गया था। आरोप है कि दुकानदार ने किसान को डीएपी का एक बैग 2,005 रुपये में दिया। इस दौरान किसान द्वारा राशि देने का वीडियो भी बनाए जाने की बात सामने आई है। वीडियो में किसान द्वारा 500-500 रुपये के नोट व्यापारी को दिए जाते दिखाई देने का दावा किया गया है। वहीं, आरोप है कि व्यापारी ने पास मशीन के माध्यम से किसान का अंगूठा एवं ओटीपी लेकर यूरिया उर्वरक वितरण का बिल काट दिया, जबकि किसान का कहना था कि उसने डीएपी उर्वरक खरीदा था। मामले की शिकायत के बाद कृषि अधिकारी मुकेश गैना द्वारा जांच किए जाने तथा शिकायत सही पाए जाने की बात किसानों की ओर से कही गई है। बताया गया कि इसी मामले में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 31(1)(b) के तहत कार्रवाई की गई।

### निलंबित लाइसेंस के बाद स्टॉक वितरण को लेकर उठे सवाल

किसान महापंचायत से जुड़े लोगों का कहना है कि उर्वरक नियंत्रण व्यवस्था के तहत लाइसेंस संबंधी कार्रवाई होने के बाद बचे हुए उर्वरक स्टॉक के निस्तारण को लेकर भी स्पष्ट व्यवस्था है। किसानों का सवाल है कि यदि प्रतिष्ठान पर उर्वरक का स्टॉक मौजूद है तो कृषि विभाग की निगरानी में नियमानुसार उसका निस्तारण क्यों नहीं कराया जा रहा है। किसानों का कहना है कि कृषि पर्यवेक्षक की निगरानी में एफएफएस एप पर किसानों की मांग के अनुसार उपलब्ध स्टॉक का वितरण कराया जाना चाहिए, ताकि निलंबित लाइसेंस का खामियाजा उन किसानों को नहीं भुगतना पड़े, जिन्हें यूरिया की आवश्यकता है।

### 25 अगस्त को निलंबन की सार्वजनिक सूचना क्यों नहीं?

किसान महापंचायत के युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि संबंधित विक्रेता का लाइसेंस 25 अगस्त को निलंबित किया गया था, तो इसकी सार्वजनिक सूचना किसानों के लिए उपलब्ध क्यों नहीं कराई गई। किसानों का आरोप है कि उन्हें दुकान पर पहुंचने के बाद ही लाइसेंस निलंबित होने की जानकारी मिल रही है। किसानों ने कृषि विभाग के अधिकारियों से सवाल किया है कि निलंबित प्रतिष्ठान के संबंध में समय रहते सार्वजनिक सूचना क्यों जारी नहीं की गई? किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई? उपलब्ध स्टॉक को किसानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी किस अधिकारी की है? वहीं, कथित अनियमितताओं की शिकायत सही पाए जाने के बावजूद संबंधित प्रतिष्ठान के लाइसेंस को निलंबित रखने के बजाय आगे की कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं की जा रही है? किसान महापंचायत ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक सहित संबंधित अधिकारियों से मामले में पारदर्शिता बरतने, किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। साथ ही किसानों का कहना है कि यदि जांच में किसानों से अधिक राशि वसूलने अथवा गलत उर्वरक का बिल काटने जैसे आरोप प्रमाणित होते हैं तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। किसानों ने मांग की है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए विभागीय अधिकारियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरत के समय किसानों को खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़े।

## भाजपा प्रत्याशियों को सौंपे पार्टी सिंबल, नामांकन प्रक्रिया हुई तेज

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर भाजपा ने चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सोमवार को पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया के तहत भाजपा के पार्टी सिंबल उपखंड अधिकारी कार्यालय में जमा करवाए गए। निकाय प्रभारी सरिता



गैना, विधायक शंकर सिंह रावत एवं भाजपा नेता अभिषेक सिंह चौहान की मौजूदगी में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के नामांकन के लिए आवश्यक सिंबल उपखंड अधिकारी, ब्यावर को सौंपे गए। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रत्याशी मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने बताया कि नगर परिषद चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तरह तैयार है। पार्टी द्वारा घोषित सभी प्रत्याशी अधिकृत चुनाव चिह्न पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम चरण में पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों में उत्साह नजर आया।

## दर्शनपुरवा में साथियों समेत व्याप्त हिस्ट्रीशीटरों का आतंक,युवक को पीटा

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** यहां फजलगंज थाना क्षेत्र के दर्शन पुरवा में आजकल दो हिस्ट्रीशीटरों और उनके साथियों का आतंक व्याप्त है। स्थानीय दुकानदारों और सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर सोनू शर्मा उर्फ श्रवण कुमार और उसका रिश्तेदार बताए जाने वाला हिस्ट्रीशीटर अरुण कुमार अन्ना दुकानदारों को धमका कर जबरन उगाही का शिकार बनाते हैं। और इन दोनों का आतंक भी इतना अधिक बताया जाता है कि कोई भी दुकानदार उनके खिलाफ पुलिस से शिकायत करने का साहत भी नहीं करता। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दर्शन पूरवा क्षेत्र में आतंक का कारण बने हिस्ट्री शीटर और उनके साथी महिलाओं के साथ छेड़खानी करने तक से नहीं चूकते। पीड़ित लोगों का आरोप है कि ये दबंग विरोध करने वालों के साथ मारपीट भी करते हैं। इसी क्रम में हिस्ट्रीशीटर के भाई बताए जाने वाले हरिओम शर्मा ने दीपू नामक युवक से जमकर मारपीट की, उस पर अपने परिवार की महिलाओं के साथ भी कई बार मारपीट करने का आरोप भी लग चुका है। फिलहाल युवक से मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने उसे हिरासत में भी लिया। यह घटना दर्शन पूरवा सब्जी मंडी की बताई गई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।




# नेपाल त्रासदी : सुरंगों में रेस्क्यू और डीएनए पहचान में जुटे भारतीय विशेषज्ञ

स्मार्ट हलचल

**काठमांडू।** विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे नेपाल में राहत और बचाव कार्यों के लिए भारत सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति पर चलते हुए भारत ने केवल आवश्यक सामग्री ही नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर बेहद जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए दो विशेष तकनीकी दल भी नेपाल भेजे हैं। प्रभावित इलाकों में हाइड्रोपावर परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे लोगों को निकालने के लिए भारत की अत्याधुनिक टनल रेस्क्यू टीम (सुरंग बचाव दल) विशेष उपकरणों के साथ काठमांडू पहुंच चुकी है। इसके साथ ही, भीषण आपदा में जान गंवाने वाले लोगों की वैज्ञानिक शिनाख्त के लिए भारत से 19 सदस्यीय विशेष फोरेंसिक टीम भी नेपाल भेजी गई है, जो मृतकों की सटीक पहचान सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय




प्रशासन के साथ मिलकर डीएनए सैंपल एकत्र करने और तकनीकी विश्लेषण का कार्य कर रही है। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा भारत की टनल रेस्क्यू टीम ने आज चिलिमे और लांगटांग इलाके में हाइड्रोपावर टनल साइटों पर खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए नेपाली सेना की टीम के साथ मिलकर काम किया। यह टीम नेपाली सेना के साथ मिलकर खोज और बचाव अभियान जारी रखेगी। सुरंगों में आधुनिक सेंसर व कटर की मदद से रास्ता बनाने में जुटे भारतीय इंजीनियरों और विशेषज्ञों का यह प्रयास इस समय नेपाल के लिए जीवन रक्षक साबित हो रहा है। वहीं, 19 सदस्यीय फोरेंसिक टीम आपदा में मारे गए अज्ञात शवों की तत्काल पहचान की बड़ी चुनौती को हल करने में नेपाल प्रशासन को पूरी तकनीकी सहायता दे रही है। विशेषज्ञ टीमों के साथ-साथ भारत की ओर से आवश्यक मानवीय सहायता (एचएडीआर) पहुंचाने का चौतरफा अभियान भी लगातार जारी है। भारतीय वायुसेना के विशेष सैन्य परिवहन विमानों के जरिए अब तक 68.5 टन से अधिक आवश्यक राहत सामग्री और जीवन रक्षक दवाओं की चार बड़ी खेप काठमांडू भेजी जा चुकी हैं। भारतीय दूतावास ने बताया कि 11 टन आवश्यक सामग्री की चौथी खेप सौंप दी गई है, जिसमें कंबल, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, प्लास्टिक शीट और हाइजीन किट जैसी राहत सामग्री शामिल है। इस बीच भारत सरकार बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के काम में भी पूरी मुस्तैदी से जुटी है। नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने रसुवा जिले के गंभीर रूप से प्रभावित चिलिमे गांव से नेपाली सेना द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू किए गए 3 भारतीय नागरिकों और उनके एक नेपाली सहयोगी से मुलाकात की। गौरतलब है कि इससे पहले भी भारतीय मिशन के त्वरित प्रयासों से आपदाग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीय नागरिकों के एक बड़े दल को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाला गया था, जो संकट के समय अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय विदेश मंत्रालय की सर्वोच्च प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## उनियारा नगर पालिका चुनाव में भाजपा ने उतारे 20 अधिकृत प्रत्याशी,

**सभी प्रत्याशियों ने नामांकन के अंतिम दिन रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) के समक्ष दाखिल किए नामांकन**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** आगामी नगर पालिका निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा ने उनियारा नगर पालिका के सभी 20 वार्डों में अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनावी मैदान में उतरने की रणनीति स्पष्ट कर दी है। पार्टी के सभी अधिकृत प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम के समक्ष अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। भाजपा के निकाय चुनाव प्रभारी देवेन्द्र सिंह राठौड़ एवं मंडल अध्यक्ष ममता साहू ने बताया कि पार्टी ने उनियारा नगरपालिका के सभी 20 वार्डों में अधिकृत प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है। वार्डवार भाजपा प्रत्याशी भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशियों में वार्ड संख्या 1 से घांसी जैन, वार्ड 2 से यशवंत साहू, वार्ड 3 से अलादिया कुजड़ा, वार्ड 4 से दीपक गुर्जर, वार्ड 5 से महेश कुशवाहा, वार्ड 6 से राकेश बड़ाया, वार्ड 7 से विजय महावर, वार्ड 8 से आशा देवी, वार्ड 9 से पिंटू साहू, वार्ड 10 से हेमराज बैरवा, वार्ड 11 से जयदीप सिंह, वार्ड 12 से शुभम जैन, वार्ड 13 से चिरंजी लाल सैनी, वार्ड 14 से आशा देवी शर्मा, वार्ड 15 से पिंकी सैनी, वार्ड 16 से कविता देवी कुशवाहा, वार्ड 17 से उम्मेद सिंह, वार्ड 18 से राजेश सैनी, वार्ड 19 से संतोष जांगिड़ तथा वार्ड 20 से अनीशा बानो को भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा निकाय चुनाव प्रभारी देवेन्द्र सिंह राठौड़ एवं मंडल अध्यक्ष ममता साहू ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ नगर पालिका चुनाव में जनता के बीच जाएगी। भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं एवं आमजन से पार्टी के सभी अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।



## मां के साथ खेत पर चारा लेने गई 15 वर्षीय बालिका की सर्पदंश से मौत-परिवार में पसरा मातम,

**गरीब परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़-ग्रामीणों ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के सोप थाना क्षेत्र के कस्बा सोप में शनिवार, 29 अगस्त को मां के साथ चारा लेने गई 15 वर्षीय बालिका की सर्पदंश से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार कस्बा सोप निवासी पप्पूलाल मेरोठा की 15 वर्षीय पुत्री सुमन शनिवार को अपनी मां के साथ खेत पर चारा लेने गई थी। इसी दौरान बालिका को सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद बालिका की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। परिजन अचेतावस्था में उसे अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतका सुमन का परिवार बेहद गरीब है और मेहनत-मजदूरी पर निर्भर है। उसके पिता खेती व मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, जबकि उसकी मां विकलांग हैं। सुमन अपने माता-पिता की तीसरी संतान थी। परिवार में एक भाई और पांच बहिनें हैं। बालिका की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद कस्बा सोप के ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार और प्रशासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है, ऐसे में बालिका की मौत के बाद परिवार को आर्थिक संबल की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए नियमानुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है तथा ग्रामीणों ने भी सामाजिक सरोकार स्तर से गरीब परिवार को आर्थिक मदद करने की बात कही है।



## उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन 7 सितंबर तक

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर, ।** जिला रसद कार्यालय उदयपुर प्रथम एवं द्वितीय द्वारा रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के पात्र आवेदकों को आवंटन के लिए गुरूवार 13 अगस्त को विज्ञापन जारी किया गया था। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि इन दुकानों के लिए आवेदन पत्र सोमवार 7 सितंबर तक जिला रसद कार्यालय में 100 रुपए का पोस्टल ऑर्डर जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 30 सितंबर है।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि तहसील बड़गांव की बड़ी, वाटी बी, तहसील भीण्डर की फुसरिया, सालेड़ा, भावपुरा, कुंथवास तथा नगर पालिका भीण्डर के वार्ड-01 एवं वार्ड-02 की दुकानें शामिल हैं। नगर निगम उदयपुर में वार्ड 22 पुराना/37 नया, वार्ड 24 पुराना/56 नया, वार्ड 35 पुराना/45 नया, वार्ड 40 पुराना/15 नया तथा वार्ड 05 पुराना/06 नया की दुकानें शामिल हैं। इसी प्रकार तहसील मावली में लोपड़ा, फलीचड़ा, भीमल, वार्ड-09 फतहनगर-सनवाड़, तहसील बारापाल में सेठजी की कुण्डाल, तहसील कुराबड़ में कुराबड़-ए, साकरोदा, वल्लभ, पाड़ा खादरी, खारवा, तहसील कोटड़ा में डांग-बी, गोगरूद्ध, दोतड़, गुरा ढेढमारिया, साण्डमारिया बी, मालवा का चौरा बी, डुंगरियां, जोगीवड़-बी तथा तहसील फलासिया में मादला एवं लथूनी की दुकानें शामिल हैं। इसके अलावा तहसील झाड़ोल में काडा, तहसील ऋषभदेव में कटेव एवं गोडियावाड़ा, तहसील गोगुन्दा में मजावड़ी-।।, तहसील सायरा में नान्देशमा तथा तहसील खैरवाड़ा में बड़ला-ए की दुकानें भी शामिल की गई हैं।

## भारी बारिश में तीन आशियाने ढहे, जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कठरिया में मकान गिरने से दो बोरी अनाज मलबे में दबा, तक्कीपुर में गलियों तक भरा पानी; स्कूली बच्चों समेत महिलाओं और बुजुर्गों की बढ़ी मुश्किलें**

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/ फतेहपुर** विजयीपुर विकासखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। कठरिया गांव में बारिश के चलते तीन जर्जर मकान भरभराकर गिर गए। गनीमत रही कि हादसे के समय मकानों के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। वहीं तक्कीपुर गांव में जलनिकासी की व्यवस्था ध्वस्त होने से मुख्य मार्ग और गलियां पानी में डूब गई हैं। जलभराव के कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। रविवार रात से हो रही लगातार बारिश के चलते कठरिया गांव निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद, बुद्धिमान पाल और शीतल रैदास के मकान गिर गए। शीतल रैदास के घर में रखा करीब दो बोरी अनाज मलबे में दबकर नष्ट हो गया। वहीं मकान जर्जर होने के कारण प्रमोद कुमार और बुद्धिमान पाल ने पहले ही गृहस्थी का सामान बाहर निकाल लिया था। इससे उनका घरेलू सामान सुरक्षित बच गया। उधर, तक्कीपुर गांव में जलनिकासी की समस्या गंभीर बनी हुई है। बारिश का पानी त्रिभुवन सिंह, चंद्रभान, देवदत्त और ओम सिंह के घरों के आसपास मुख्य मार्ग और गलियों में भर गया है। जलभराव के कारण ग्रामीणों को पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकासी की समस्या को लेकर जून माह में किसान यूनियन ने धरना-प्रदर्शन किया था। इसके बाद नहर विभाग के अधिशासी अभियंता की ओर से नाले का निर्माण कराया गया, लेकिन नाले को आगे झाल तक नहीं जोड़ा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि नाला अधूरा छोड़े जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। बारिश होते ही गांव में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार विभाग से नाले को झाल तक जोड़कर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराने और तत्काल जलभराव से राहत दिलाने की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी जयप्रकाशने बताया कि मौके पर जांच करके अग्रिम कार्रवाई किया जाएगा



## नामांकन के अंतिम दिन उमड़े उम्मीदवार, चुनावी सरगर्मियां तेज

**नाम वापसी के बाद साफ होगी तस्वीर, भाजपा-कांग्रेस ने सभी 60 वार्डों में उतारे प्रत्याशी**

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर सिटी, ।** गंगापुर सिटी नगर परिषद चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार को अंतिम दिन पूरी हो गई। निर्धारित समय दोपहर 3 बजे तक चुनाव मैदान में उतरने के इच्छुक अभ्यर्थियों ने रिटर्निंग अधिकारियों के समक्ष अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही शहर में चुनावी सरगर्मियां और तेज हो गई हैं। नामांकन के लिए गंगापुर सिटी में अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्थाएं की गई थीं। रिटर्निंग अधिकारी विनोद कुमार के अलावा एसीएम कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार तथा एडीएम कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी एवं तलावड़ा तहसीलदार के समक्ष अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। अंतिम दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी बड़ी संख्या में नामांकन प्रस्तुत कर अपनी दावेदारी जताई। भाजपा और कांग्रेस ने नगर परिषद के सभी 60 वार्डों के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची प्रस्तुत कर चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतरने का संकेत दिया है। अब नामांकन पत्रों की जांच और इसके बाद होने वाली नाम वापसी की प्रक्रिया पर सभी की नजरें टिकी हैं। नाम वापसी की अवधि पूरी होने के बाद ही कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहेंगे और किन वार्डों में सीधा या त्रिकोणीय मुकाबला होगा, इसकी अंतिम तस्वीर साफ होगी। इसके साथ ही प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार भी जोर पकड़ने की संभावना है।



# महिला से चाकू की नोक पर जेवर लूटने वाला 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**6 महीने से फरार शातिर विकास मोग्या को पारोली पुलिस ने निम्बाहेड़ा से दबोचा**

स्मार्ट हलचल

**पारोली/भीलवाड़ा ।** जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के आदेशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत पारोली थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करीब 6 महीने पहले फलासेड गांव में एक महिला के गले पर चाकू से वार कर सोने के जेवरात लूटने की वारदात में फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश को निम्बाहेड़ा से गिरफ्तार कर लिया है।

### खेत से लौटते समय चाकू मारकर लूटे थे 3 तोले सोने के जेवर

थानाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि 27 फरवरी 2026 को फलासेड निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शाम को खेत से घर लौटते समय दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने उसे चाकू दिखाकर रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने महिला के गले में पहनी सोने की रामनामी, दो मादलिया, दो मोती व टोपीस (कुल करीब 3 तोला सोना) छीन लिए। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पारोली में प्रकरण संख्या 43/2026 धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था।




### 3 लुटेरे और जेवर खरीदने वाला सुनार पूर्व में हो चुके हैं गिरफ्तार

घटना के तुरंत बाद पुलिस की विशेष टीम ने सघन अनुसंधान करते हुए वारदात में शामिल तीन मुख्य आरोपियों–भेरू लाल उर्फ नाना लाल मोग्या, गोवर्धन मोग्या व भेरू लाल मोग्या को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके साथ ही लूटे गए सोने के जेवरात खरीदने वाले आरोपी मोहम्मद अमजद उल्ला को भी दबोचकर शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया था।

### निम्बाहेड़ा से दबोचा गया ?15,000 का इनामी आरोपी विकास मोग्या

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा अंजुम कायल के निर्देशन एवं वृताधिकारी कोटड़ी सुरेश डाबरिया के सुपरविजन में गठित टीम ने तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश देकर 6 महीने से फरार ?15,000 के इनामी आरोपी विशाल उर्फ विकास (19) पिता शोभा लाल मोग्या (निवासी भाणुजा डांग, थाना निकुम्भ, जिला चित्तौड़गढ़) को निम्बाहेड़ा से धर दबोचा। आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ जारी है।

### कार्रवाई में यह पुलिस टीम रही शामिल

इनामी लुटेरे को पकड़ने वाली टीम में पारोली थानाधिकारी कमलेश कुमार (उ.नि.), हैड कांस्टेबल मोहन लाल (1382), कांस्टेबल मनीष कुमार (854) एवं कांस्टेबल रणजीत (34) शामिल रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

## संघर्षविराम के बावजूद गाजा में इस्राइली सेना के हमले, पांच की मौत

**गाजा, एजेंसी।** अमेरिका की मध्यस्थता में हुए संघर्षविराम के बावजूद गाजा में इस्राइली सेना के हवाई हमले जारी हैं। शुक्रवार को इन हमलों में पांच लोगों की मौत हुई। स्थानीय अस्पताल अधिकारियों के मुताबिक, खान यूनिस के पास एक घर पर हुए हमले में दो भाइयों समेत तीन लोगों की जान गई। गाजा सिटी में अलग-अलग हमलों में दो अन्य लोगों की मौत हुई। ईरान ने अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों को 'आर्थिक आतंकवाद' बताया है। दूसरी ओर, फिनलैंड ने यूएनआरडब्ल्यूए को सहायता देने का समझौता आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। ब्रिटेन ने गाजा संघर्षविराम निगरानी केंद्र से अपने अधिकारियों को हटाने के किसी भी इस्राइली कदम का विरोध किया है।

## एंथ्रोपिक को काली सूची में डालने के पेंटागन फैसले पर संघीय कोर्ट की रोक

**पेंटागन , एजेंसी।** अमेरिका के एक न्यायाधीश ने रक्षा मुख्यालय पेंटागन की तरफ से एंथ्रोपिक को काली सूची में डालने के फैसले पर रोक लगा दी। कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में एंथ्रोपिक के मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने अपनी अधिकार-सीमा से बाहर जाकर क्लाउड बनाने वाली कंपनी एंथ्रोपिक को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आपूर्ति श्रृंखला जोखिम करार दिया। हेगसेथ के एक अभूतपूर्व कदम ने एंथ्रोपिक को कुछ सैन्य अनुबंधों से रोक दिया। यह कदम तब उठाया गया जब एंथ्रोपिक ने सेना को अपने क्लाउड एआई मॉडल का इस्तेमाल अमेरिकी निगरानी या ऑटोनॉमस हथियारों के लिए करने की इजाजत देने से इन्कार कर दिया।

## इक्वाडोर के पूर्व राष्ट्रपति मोरेनो भ्रष्टाचार मामले में दोषी

**इक्वाडोर , एजेंसी।** इक्वाडोर की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति लेनिन मोरेनो को देश के सबसे बड़े हाइड्रोलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से जुड़े रिश्वत मामले में दोषी मानते हुए पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने उन्हें भविष्य में किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने से भी स्थायी रूप से अयोग्य करार दिया है। 73 साल के मोरेनो को चीन की सरकारी कंपनी सिनोहाइड्रो से रिश्वत लेने और हाइड्रोलेक्ट्रिक प्लांट के ठेके से जुड़े भ्रष्टाचार नेटवर्क में प्रत्यक्ष भूमिका निभाने का दोषी पाया गया। यह मामला करीब दो अरब डॉलर की लागत से बने 'कोका कोडो सिनक्लेयर हाइड्रोलेक्ट्रिक प्लांट' से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, 2009 से 2018 के बीच फर्जी कंसल्टेंसी कॉन्ट्रैक्ट के जरिए करीब 7.61 करोड़ डॉलर की रिश्वत का लेन-देन किया गया। जांच में आरोप लगाया गया कि इस रकम को विदेशों में खातों और शेल कंपनियों के जरिए पहुंचाया गया।

## पाकिस्तान में पुलिस वाहन पर हमला, तीन पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने पुलिस वाहन पर हमला कर दिया। इस हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, हमला टैंक जिले में डेरा इस्माइल खान रोड पर चकन इलाके के पास हुआ। हमलावरों ने घात लगाकर पुलिस वाहन पर गोलीबारी की। फायरिंग के बाद वाहन पलट गया, जिससे उसमें सवार तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने इलाके में जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, हमले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

## ईरान के नए नेतृत्व ने विरोध के खिलाफ सख्त रुख के संकेत दिए

तेहरान, एजेंसी। छह महीने से जारी युद्ध के बाद ईरान का नया नेतृत्व देश के भीतर किसी भी तरह के विरोध को रोकने के लिए सख्त रुख अपना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अपने आसपास लंबे समय से भरोसेमंद सहयोगियों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है। इनमें ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के नए सचिव मोहसेन रेजाई और बसीज के नए प्रमुख हुसैन ताएब शामिल हैं। खामेनेई ने अभी तक सार्वजनिक रूप से सामने आकर कोई बयान नहीं दिया है। उनके पिता और कई वरिष्ठ नेताओं की 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत में हुए अमेरिकी-इस्राइली हमलों में मौत हो गई थी।

# होर्मुज पर फिर टकराए अमेरिका-ईरान, अब निशाने पर दुनिया की तेल सप्लाई

## लारक द्वीप पर अमेरिकी हमला, ईरान ने जॉर्डन पर दागी मिसाइलें



तेहरान (ईएमएस)। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का नया मोर्चा अब उस समुद्री रास्ते पर खुलता दिखाई दे रहा है, जहां से दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। करीब एक महीने बाद अमेरिकी सेना ने ईरान के लारक द्वीप पर दो रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया। अमेरिका का दावा है कि ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स होर्मुज स्ट्रेट में रॉकेट और समुद्री बारूदी सुरंगें तैनात करने की तैयारी कर रहे थे। हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई का दावा करते हुए जॉर्डन में मौजूद दो अमेरिकी एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने की बात कही। हालांकि, जॉर्डन की एयर डिफेंस द्वारा मिसाइलों को इंटरसेप्ट किए जाने की रिपोर्ट भी सामने आई है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सवाल अमेरिका-ईरान की जवाबी कार्रवाई से आगे का है-अगर होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई तो दुनिया के तेल बाजार का क्या होगा?

लारक द्वीप की भौगोलिक स्थिति इस हमले को बेहद महत्वपूर्ण बनाती है। यह ईरान के बंदर अब्बास के नजदीक और होर्मुज स्ट्रेट के बीच में स्थित है। यही वह समुद्री मार्ग है, जिससे युद्ध से पहले दुनिया के इस्तेमाल होने वाले करीब पांचवें हिस्से के तेल और बड़ी मात्रा में एलएनजी की आवाजाही होती थी। इसलिए यहां किसी भी तरह की सैन्य गतिविधि का असर केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहेगा। टैंकरों की आवाजाही बाधित हुई तो बीमा लागत, शिपिंग खर्च और कच्चे तेल की कीमतों पर तत्काल दबाव आ सकता है। यानी लारक द्वीप पर दागी गई मिसाइलों का असर हजारों किलोमीटर दूर तेल बाजारों तक पहुंच सकता है।

**ईरान की नई रणनीति ने बढ़ाई चिंता:** रिपोर्टों के मुताबिक ईरान होर्मुज के आसपास से गुजरने वाले टैंकरों की जांच कर रहा है और स्ट्रेट पार करने के लिए भारी शुल्क वसूल रहा है। साथ ही समुद्री बारूदी सुरंगों की आशंका ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से समुद्री बारूदी सुरंगें हटाने का अभियान पूरा करने का दावा कर चुका है। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि होर्मुज में नई सुरंगें बिछाने की किसी भी कोशिश को सैन्य कार्रवाई से रोका जाएगा। इससे साफ है कि अमेरिका अब होर्मुज की सुरक्षा को केवल निगरानी के तौर पर नहीं, बल्कि सैन्य नियंत्रण के सवाल से जोड़ रहा है।

**दो रास्तों में बंट गया होर्मुज:** तनाव बढ़ने के बाद होर्मुज स्ट्रेट की समुद्री आवाजाही भी रणनीतिक रूप से दो हिस्सों में देखी जा रही है। उत्तरी हिस्से में ईरान के तट के करीब, लारक और किश्म द्वीपों के आसपास से गुजरता है। यह ईरान के बंदरगाहों और तेल टर्मिनलों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। दक्षिणी हिस्से में ओमान के करीब और ईरानी तट से अपेक्षाकृत दूर है। अमेरिका इसी रास्ते से जहाजों की आवाजाही को प्राथमिकता देने की कोशिश कर रहा है। इसका मतलब है कि युद्ध ने अब समुद्री व्यापार के लिए भी एक तरह का 'सुरक्षित बनाम जोखिम वाले रास्ते' का समीकरण पैदा कर दिया है।

**भारत के लिए भी खतरे की घंटी:** होर्मुज में बढ़ता तनाव भारत के लिए भी अहम है, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़ी मात्रा में आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। यदि स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बाधित होती है तो अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमत बढ़ सकती है। तेल महंगा होने का असर केवल पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं रहता। परिवहन लागत बढने से खाद्य वस्तुओं, औद्योगिक उत्पादन, उर्वरक और अन्य आवश्यक वस्तुओं की लागत पर भी दबाव आ सकता है। यानी होर्मुज में अमेरिका-ईरान की लड़ाई का अगला असर एशिया के ऊर्जा बाजार और भारत की अर्थव्यवस्था पर पडना संभव है।

**छह महीने से ज्यादा लंबी जंग, अब समुद्र भी युद्धभूमि:** अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमला किए जाने के बाद शुरू हुआ संघर्ष अब छह महीने से ज्यादा लंबा हो चुका है। ईरान की ओर से इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए गए हैं। अब होर्मुज में सैन्य गतिविधि बढने से संघर्ष का एक नया आयाम सामने आया है। जमीन और हवाई हमलों के बाद समुद्री व्यापार मार्ग और ऊर्जा आपूर्ति भी युद्ध की रणनीति का हिस्सा बनते जा रहे हैं।

**असली लड़ाई अब सिर्फ ईरान बनाम अमेरिका नहीं:** लारक द्वीप पर हमला और उसके बाद जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल हमले यह संकेत दे रहे हैं कि अमेरिका-ईरान संघर्ष अब और व्यापक क्षेत्रीय संकट का रूप ले सकता है। सबसे बड़ा खतरा यह है कि होर्मुज में किसी एक सैन्य कार्रवाई से टैंकरों की आवाजाही बाधित हुई तो इसका असर केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। होर्मुज में चल रही लड़ाई अब तेल, गैस और वैश्विक व्यापार की लड़ाई भी बन चुकी है।


## कैलाश मानसरोवर यात्रियों की बढ़ी चिंता: बाढ़ के बाद 261 विदेशी लापता, तिब्बत-नेपाल सीमा पर 49 भारतीय भी शामिल

**बीजिंग, एजेंसी।** तिब्बत-नेपाल सीमा पर 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के बाद 261 विदेशी नागरिकों का अब तक पता नहीं चल पाया है। चीनी अधिकारियों के मुताबिक, लापता लोगों में 49 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। यह बाढ़ ग्यिरोंग पोर्ट के पास आई थी, जो नेपाल और तिब्बत के बीच प्रमुख सीमा पार मार्गों में से एक है। चीनी सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, लापता 261 विदेशी नागरिक 23 देशों से हैं। यह जानकारी विदेश मामलों, सार्वजनिक सुरक्षा, संस्कृति एवं पर्यटन और आपातकालीन प्रबंधन विभागों की संयुक्त खोज और सूचना मिलान के बाद सामने आई है।

**किन देशों के नागरिक लापता हैं :** चीनी अधिकारियों के अनुसार, लापता विदेशी नागरिकों में सबसे ज्यादा 104 नेपाली हैं। इसके बाद भारत के 49, लातविया के 33, अमेरिका के 18 और ब्रिटेन के 15 नागरिक शामिल हैं। इसके अलावा कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के छह-छह, दक्षिण अफ्रीका के चार, जबकि मलेशिया, जर्मनी और रूस के तीन-तीन नागरिकों का पता नहीं चला है। आयरलैंड, एस्टोनिया, फ्रांस, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड के दो-दो और कजाकिस्तान, फिनलैंड, लिथुआनिया, पुर्तगाल, यूक्रेन, स्पेन और हंगरी के एक-एक नागरिक भी लापता बताए गए हैं।

**कैलाश मानसरोवर यात्रा से क्या है कनेक्शन :** भारत से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए तिब्बत पहुंचे थे। यह यात्रा चीन और भारत के बीच संबंधों में सुधार के बाद दोबारा शुरू हुई थी। बताया जा रहा है कि बाढ़ आने के समय कुछ भारतीय तीर्थयात्री तिब्बत-नेपाल सीमा पर स्थित इमिग्रेशन भवन में मौजूद थे। अचानक आई बाढ़ ने ग्यिरोंग काउंटी में भारी तबाही मचाई और इमिग्रेशन भवन भी इसकी चपेट में आ गया। ग्यिरोंग में आई बाढ़ की भयावहता दिखाने वाले कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। इनमें विशाल जलधारा को सीमा क्षेत्र के बड़े इमिग्रेशन भवन को अपनी चपेट में लेते हुए देखा गया। चीनी अधिकारियों की ओर से विदेशी नागरिकों की स्थिति को लेकर जारी आंकड़े ऐसे समय सामने आए हैं, जब लापता लोगों के परिवार अपने परिजनों की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।

## नाइजर में तख्ता पलट की कोशिश: युवा सैनिकों ने खोला मोर्चा, कई की मौत; राजधानी में रातभर गोलियों की गूंज



**नियामे , एजेंसी।** पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर की राजधानी नियामे में सैन्य विद्रोह की कोशिश ने सत्तारूढ़ सैन्य शासन के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। राज्य टेलीविजन की रिपोर्ट के मुताबिक, विद्रोह की कोशिश के दौरान कई सैनिक मारे गए या गिरफ्तार किए गए। करीब 24 घंटे तक चली इस उथल-पुथल के दौरान राजधानी में गोलीबारी और धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं।

**क्या नाइजर में फिर तख्ता पलट की कोशिश हुई:** युवा सैनिकों के एक समूह ने राजधानी के मुख्य एयरपोर्ट परिसर में स्थित अहम सैन्य अड्डे पर विद्रोह का प्रयास किया। रिपोर्ट के मुताबिक, ये सैनिक देश में लगातार बढ़ती उग्रवादी हिंसा और सुरक्षा बलों में हो रही मौतों से नाराज थे। राज्य प्रसारक आरटीएन ने कई दर्जन, ज्यादातर युवा सैनिकों को सार्वजनिक रूप से पेश किए जाने की तस्वीरें प्रसारित कीं। रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बलों ने कई जगहों पर हुई लड़ाई के बाद हालात पर धीरे-धीरे काबू पाया और विद्रोही सैनिकों को गिरफ्तार किया। हालांकि, अभी तक इस बात की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी कि सुरक्षा बलों ने सैन्य अड्डे पर पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लिया है।

**एयरपोर्ट के सैन्य अड्डे में क्या हुआ :** नाइजर के रक्षा मंत्री जनरल सलीफू मोदी के मुताबिक, विद्रोही सैनिकों के एक समूह ने सैन्य अड्डे पर कुछ अधिकारियों को बंधक बना लिया था। इसके बाद उन्होंने कुछ संवेदनशील स्थानों पर गोलीबारी की। सरकार ने इसे सैन्य अनुशासन और नियमों का उल्लंघन बताया। यह सैन्य अड्डा रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। यहां नाइजर की वायुसेना का बेस होने के साथ-साथ नाइजर, बुर्किना फासो और माली की संयुक्त सैन्य टुकड़ी का मुख्यालय भी है।

**रूस के अफ्रीका कॉर्प्स ने जुंटा की मदद की :** विश्लेषकों और राजनयिकों के अनुसार, विद्रोह को दबाने में रूस के अफ्रीका कॉर्प्स ने स्थानीय सुरक्षा बलों को हवाई और जमीनी सहायता दी। रूसी मीडिया ने नाइजर में रूस के राजदूत विक्टर वोरोपायेव के हवाले से बताया कि वरिष्ठ नाइजर सैन्य अधिकारियों ने एयरपोर्ट स्थित अफ्रीका कॉर्प्स के बेस का दौरा किया और विद्रोह दबाने में मदद के लिए उसके सैनिकों का आभार जताया। इस बीच, सैन्य शासन के प्रमुख अब्दुरहामाने त्चियानी के ठिकाने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। नाइजर में सैन्य शासन 2023 के तख्ता पलट के बाद सत्ता में आया था। उस समय जुंटा ने दावा किया था कि निर्वाचित सरकार देश में बढ़ती सशस्त्र हिंसा को रोकने में विफल रही है। सत्ता संभालने के बाद नाइजर ने अपने पुराने पश्चिमी सुरक्षा साझेदारों से दूरी बनाई और रूस के साथ संबंध मजबूत किए। इसके बावजूद देश में उग्रवादी हिंसा और सुरक्षा बलों पर हमले जारी रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि लगातार बिगड़ती सुरक्षा स्थिति अब सेना के भीतर भी असंतोष को बढ़ावा दे रही है।

## नेपाल के बाद चीन में कुदरत का कहर, शिजांग में लैंडस्लाइड में 16 की मौत, 546 हुए लापता, मचा हड़कंप




**शिजांग , एजेंसी।** चीन के शिजांग क्षेत्र में सीमा के पास स्थित एक बंदरगाह पर भूस्खलन की घटना सामने आई है। हादसे में अब तक 16 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 546 लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत और बचाव दल लगातार अभियान चलाकर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। चीन की सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार शाम 6 बजे अचानक शिजांग के पास एक बंदरगाह पर भूस्खलन की घटना हुई। इसमें अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 546 लोग लापता हैं। लापता लोगों में 49 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। चीनी अधिकारियों ने बताया कि राहत और बचाव दल लगातार अभियान चलाकर लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं।

**261 विदेशी नागरिकों से संपर्क टूटा :** अधिकारियों के मुताबिक, भूस्खलन के बाद 23 देशों के कुल 261 विदेशी नागरिकों से अब तक संपर्क नहीं हो पाया है। इनमें सबसे अधिक 104 नागरिक नेपाल के हैं। इसके अलावा 49 भारतीय, लातविया के 33, अमेरिका के 18 और ब्रिटेन के 15 नागरिक लापता बताए जा रहे हैं। कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के 6-6 नागरिकों का भी अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के 4, जबकि मलेशिया, जर्मनी और रूस के 3-3 नागरिक भी लापता हैं। आयरलैंड और एस्टोनिया के 2-2 नागरिकों के बारे में भी जानकारी नहीं मिल सकी है। इसके अलावा फ्रांस, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड समेत कई अन्य देशों के नागरिक भी लापता लोगों की सूची में शामिल हैं।

**भोटे कोशी नदी में बाढ़ का बहाव तेज :** नेपाल के नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी ने बताया कि रसुवा के जिला प्रशासन कार्यालय को जानकारी मिली है कि भोटे कोशी नदी में बाढ़ का बहाव तेज होने की आवाज सुनी गई है। इसलिए, हम रसुवा, नुवाकोट और धाडिंग तक नदी के आस-पास के इलाकों में सावधानी बरतने का अनुरोध करते हैं।

## धर्म अलग हो सकते हैं लेकिन मानवता एक है, न्यूयॉर्क में मोहन भागवत का बड़ा बयान



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में 'एक दुनिया, एक मानवता' कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां मौजूद सभी दिव्य व्यक्तित्वों, मैं आप लोगों की तरह न तो कोई धार्मिक विद्वान हूं और न ही कोई धार्मिक अधिकारी। लेकिन, मैं एक ऐसे समाज में काम कर रहा हूं, जो पारंपरिक रूप से कहता है कि धर्म भले ही भिन्न हों, लेकिन मानवता एक है। सत्य एक है, और मानवता उस सत्य की उपज है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आज की दुनिया में, धर्मों को काफी हद तक अनुष्ठानों द्वारा परिभाषित किया जाता है। धार्मिक अनुशासन का पालन करने और दिव्यता के मार्ग पर चलने के लिए, अनुष्ठानों का अनुशासन भी आवश्यक है। लेकिन, धर्म का उद्देश्य क्या है? यह हमें सत्य की ओर ले जाता है। इसलिए, यदि मैं उस प्रकाश की ओर इशारा करूं, तो आप मेरी उंगली को इशारा करते हुए देखेंगे और फिर प्रकाश को देखेंगे। लेकिन, यदि आप मेरी उंगली पर टकटकी लगाए रहेंगे, तो आप कभी प्रकाश को नहीं देख पाएंगे। उद्देश्य अलग है। यह परम सत्य, दिव्यता की खोज है, जिसे हम अलग-अलग नामों से पुकारते हैं।

**भारत में सभी धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं :** मोहन भागवत ने कहा कि इतिहास के क्रम में यह सब घटित हुआ। मैं उस क्षण की ओर इशारा नहीं कर सकता। उसके बाद, हमारा समाज और हमारा देश विदेशी आक्रमणों का निशाना बने और बहुत कुछ खो गया। लेकिन, वह परंपरा आज भी कायम है, जो आम लोगों को वही बात सिखाती है। एक दुनिया, एक मानवता। लेकिन, जैसा कि आपने कहा, लोग बेवजह बोझ ढोते हैं। हमारे भारत में सभी धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं क्योंकि, परंपरागत रूप से, भारत ने सभी को आश्रय दिया है।

मोहन भागवत ने कहा कि यदि आप स्वयं को हिंदू कहलाना चाहते हैं, तो आपको यह मानना होगा कि सभी मार्ग एक ही लक्ष्य की ओर ले जाते हैं। प्रत्येक मनुष्य का अपना सम्मान है और मनुष्यों में कोई भेद नहीं है। ये सभी भेद प्रकृति की शोभा बढ़ाते हैं, और हमें इन्हें स्वीकार करना होगा। लेकिन, जो वास्तविकता सदा विद्यमान है, वह यह है कि हम सब एक हैं।

**राजनीति अब स्वार्थ का खेल बन गई है :** उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद हमें अपना संविधान मिला, और उसमें इस बात पर जोर दिया गया है। लेकिन, ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि ये चीजें राजनीति से नहीं होतीं। मुझे यह कहते हुए खेद है, लेकिन सच्चाई यह है कि राजनीति अब स्वार्थ का खेल बन गई है। और, जैसा कि आपने सही कहा, जहां 'मैं और मेरा' होता है, वहां कोई समाधान नहीं होता। 'हम और हमारा' ही समाधान है। इसलिए, भारत में हमारा अनुभव यह है कि हमें समाज से शुरुआत करनी होगी। हमने इसकी शुरुआत पहले ही कर दी है। 2018 के बाद, मेरे भाषण के बाद, कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी।

## भारत और उज्बेकिस्तान के बीच जीवंत सेतु की तरह हैं भारतीय समुदाय : पीएम मोदी



**ताशकंद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारतीय प्रवासी समुदाय भारत और उज्बेकिस्तान के बीच एक जीवंत सेतु की तरह काम करता है। मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान की अपनी द्विपक्षीय यात्रा के दौरान ताशकंद में भारतीय समुदाय के बड़े समूह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'ताशकंद में भारतीय समुदाय के प्यार और स्नेह से अभिभूत हूं। हमारा प्रवासी समुदाय भारत और उज्बेकिस्तान के बीच एक जीवंत सेतु है, जो दोनों देशों की दोस्ती को और मजबूत बना रहा है।' उन्होंने स्वागत समारोह के दौरान प्रस्तुत किए गए भारतीय और उज्बेक संस्कृति के मेल वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की और कहा कि ये दोनों देशों के गहरे सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर तबला प्रस्तुति की एक झलक साझा करते हुए लिखा, 'भारतीय और उज्बेक संगीत परंपराओं का शानदार संगम! तबला, डोइरा और चांग जैसे वाद्ययंत्रों के साथ बेहद खूबसूरती से घुल-मिल गया। यह भारत और उज्बेकिस्तान के बीच गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव को दिखाता है।' भारतीय समुदाय की कुछ महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्हें राखी भी बांधी।

उन्होंने कलाकारों की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखे। प्रधानमंत्री मोदी बच्चों के नृत्य प्रदर्शन को बड़े ध्यान से देखते नजर आए और कार्यक्रम के बाद उनसे हाथ भी मिलाया। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने 'यांगी उज्बेकिस्तान स्मारक' का दौरा किया और कहा कि यह उज्बेकिस्तान के लोगों की आकांक्षाओं और प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'ताशकंद पहुंचने के बाद राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ 'यांगी उज्बेकिस्तान स्मारक' पर श्रद्धांजलि अर्पित करने गया। यह स्मारक उज्बेक लोगों की आकांक्षाओं और प्रगति को दर्शाता है। अपनी यात्रा की शुरुआत यहां आकर करने पर खुशी है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव भी मौजूद थे। दोनों नेताओं ने यांगी उज्बेकिस्तान पार्क में उज्बेक संस्कृति और इतिहास को दर्शाने वाली कलाकृतियों का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ताशकंद हवाई अड्डे पर मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए राष्ट्रपति मिर्जियोयेव का भी धन्यवाद किया। वह उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहुंचे हैं। एक विशेष सम्मान के तौर पर राष्ट्रपति मिर्जियोयेव स्वयं हवाई अड्डे पहुंचे और प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। यह दोनों देशों के बीच पिछले 12 वर्षों में लगातार मजबूत हुई दोस्ती को दर्शाता है।

ताशकंद पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने ताशकंद में मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके इस विशेष सम्मान के लिए मैं उनका आभारी हूं। यह मेरी उज्बेकिस्तान की चौथी यात्रा है, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों की गहराई और लगातार बढ़ती गति को दर्शाती है।

# दलीप ट्रॉफी में वैभव ने 7 चौके...7 छक्के जड़े

## 57 साल पुराना कौन सा रिकॉर्ड तोड़ा?

**बंगलूरू (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में ईस्ट जोन के वैभव सूर्यवंशी ने सेंट्रल जोन के खिलाफ 81 गेंद में 92 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने सात चौके और सात छक्के लगाए। इस दौरान वैभव ने दलीप ट्रॉफी में पिछले 57 साल में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया और लक्ष्मण सिंह को पीछे छोड़ा।



दलीप ट्रॉफी में वैभव सूर्यवंशी का कहर देखने को मिला है। ईस्ट जोन से खेल रहे वैभव सेंट्रल जोन के गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे हैं। उन्होंने 81 गेंद में सात चौके और सात छक्के की मदद से 92 रन की पारी खेली और शतक से चूक गए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 113.58 का रहा। इस पारी के साथ ही वैभव ने 57 साल पुराना भारतीय घरेलू क्रिकेट का एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। साथ ही अफगानिस्तान की टीम को आगामी टी20 सीरीज से पहले चेतावनी भी दी है।

### ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन का था मुकाबला

दरअसल, बंगलूरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन के बीच दलीप ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला खेला जा रहा था। सेंट्रल जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 266 रन बनाए। जवाब में ईस्ट जोन की पहली पारी जारी है। टीम ने 161 रन पर दो विकेट गंवाए। ईस्ट जोन के लिए अभिमन्यू ईश्वरन और वैभव सूर्यवंशी बल्लेबाजी के लिए उतरे। दोनों ने पहले विकेट के लिए 161 रन की साझेदारी निभाई। वैभव ने सेंट्रल जोन के गेंदबाज आर्यन पांडेय, यश ठाकुर, अरशद खान और सारांश जैन की जमकर धुनाई की। हालांकि, वह हर्ष दुबे की गेंद पर अरशद को कैच थमा बैठे। हर्ष ने फिर कुमार कुशाग्र का भी विकेट लिया। कुशाग्र खाता नहीं खोल सके। खबर लिखे जाने तक ईश्वरन अर्धशतक लगाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। वहीं, उनके साथ सुदीप कुमार घरामी क्रीज पर हैं।

# रबाडा ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज से बाहर

## जांघ में चोट है; अक्टूबर में टेस्ट सीरीज खेलना संदिग्ध

**सिडनी(एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। उनकी दाएं पैर की जांघ (हैमस्ट्रिंग) में चोट लगी है। रबाडा की चोट का असर साउथ अफ्रीका के वर्ल्ड टेस्ट



चैंपियनशिप टाइटल के बचाव अभियान पर पड़ सकता है। क्योंकि, रबाडा के अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया से होने वाली टेस्ट सीरीज में खेलने पर संदेह है। अफ्रीकी भाषा की वेबसाइट रैपोर्ट ने रबाडा के लायंस टीम के बॉलिंग कोच एलन डोनाल्ड के हवाले से चोट को लेकर नई जानकारी दी है।21 अगस्त को क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने बताया था कि इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिंग के दौरान रबाडा चोटिल हो गए।

### दावा- 9-10 हफ्ते मैदान से बाहर रहेंगे

अफ्रीकी वेबसाइट से कोच ने कहा– 'हमारे फिजियो ने बताया है कि दाईं हैमस्ट्रिंग में ग्रेड–3 टियर के कारण वे 9 या 10 हफ्ते बाहर रहेंगे।' अगर यह जानकारी सही है, तो रबाडा अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साउथ अफ्रीका के तीनों या ज्यादातर टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। 21 अगस्त से 10 हफ्ते 16 अक्टूबर को पूरे होंगे। वनडे मैच 24, 27 और 30 सितंबर को खेले जाएंगे।

यूएस ओपन-24 ग्रैंड स्लेम चैंपियन

# जोकोविच पहले राउंड में बाहर

- मैच में उल्टी हुई, दवा ली, 49वीं रैंकिंग प्लेयर मारियानो ने 4.36 घंटे में हराया

**यूएस (एजेंसी)।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच यूएस ओपन के पहले ही राउंड में हारकर बाहर हो गए। उन्हें अर्जेंटीना के वर्ल्ड नंबर-49 मारियानो नवोने ने पांच सेट के मुकाबले में 7-6, 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से हराया।

इसके साथ ही जोकोविच का रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सपना भी टूट गया। हार के बाद जोकोविच भावुक हो गए और अपने आंसू नहीं रोक सके।यह मुकाबला 4 घंटे 36 मिनट तक चला, जो ग्रैंड स्लैम में जोकोविच के करियर का अब तक का सबसे लंबा पहला राउंड मैच रहा। 39 साल के जोकोविच ने शुरुआती तीन सेट में से दो जीते, लेकिन 25 साल के नवोने ने आखिरी दो सेट में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### पहली बार पहले राउंड में हारे

जोकोविच के लिए यह यूएस ओपन के इतिहास में पहली बार है, जब वे टूर्नामेंट के पहले ही राउंड में बाहर हुए हैं। इससे पहले वे कभी भी पहले राउंड में नहीं हारे थे।जोकोविच 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद पहली बार है,जब वे किसी ग्रैंड स्लैम के पहले राउंड में बाहर हुए हैं।

### मैच के दौरान तबीयत बिगड़ी

जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर बढ़त बना ली थी। हालांकि, मुकाबले के अंतिम चरण में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।मैच के दौरान उन्हें उल्टी करते देखा गया। उन्होंने इनहेलर का इस्तेमाल किया और दवा भी ली। इसके अलावा, वे बार-बार स्ट्रेचिंग करते नजर आए। साथ ही पीठ और पैर में परेशानी से जूझते दिखे।

मारियानो नावोने अर्जेंटीना के एक पेशेवर टेनिस



खिलाड़ी हैं। उनका जन्म 27 फरवरी 2001 को हुआ था। नावोने ने तीन साल की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया। 2024 फ्रेंच ओपन में नावोने को 31वीं वरीयता दी गई थी, उसी से उन्होंने ग्रैंड स्लैम डेब्यू किया।

### मेदवेदेव यूएस ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचे

डेनियल मेदवेदेव ने स् ओपन के पहले दौर में ह्यूगो गैस्टन को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 2 घंटे 14 मिनट चला। इस जीत के साथ मेदवेदेव ने करियर में आठवीं बार टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। दूसरे दौर में मेदवेदेव का सामना अमेरिकी वाइल्ड कार्ड सेबेस्टियन गोर्जनी और राफेल कोलिग्नन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

# एशिया कप में दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास

- महिला टी20 क्रिकेट में टॉप विकेटकर बनीं
- भारत ने थाईलैंड को 94 रन से हराया



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने एशिया कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 94 रनों से हराया। भारत के लिए इस मैच में शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और नंदिनी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने विमेंस टी-20 एशिया कप में जीत से शुरुआत की है। टीम ने रविवार को थाईलैंड को 94 रन से हराया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में थाईलैंड 160 रन चेज करते हुए 16.1 ओवर में 65 रन पर ऑलआउट हो गई। 150वां मैच खेल रहीं दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके और कोई रन नहीं दिया। वे विमेंस टी-20 इंटरनेशनल की टॉप विकेट टेकर भी बन गई। नंदनी शर्मा ने भी 3 विकेट लिए। श्री चरणी ने 2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच शेफाली शर्मा ने 36 बॉल पर 64 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। भारतीय टीम का दूसरा मैच 5 सितंबर को पाकिस्तान से इसी मैदान पर होगा।

### भारत ने आखिरी 46 रन बनाने में 8 विकेट गंवाए

रविवार को टीम इंडिया मजबूत शुरुआत के बावजूद 159 रन ही बना सकी थी। उसने आखिरी 46 रन बनाने में 8 विकेट गंवा दिए।इससे पहले टीम की टॉप–3 बैटर्स ने 105 रन बनाए। इनमें स्मृति मंधाना के 22, शेफाली वर्मा के 64 और प्रतिका रावल के 22 रन शामिल रहे। थाईलैंड की ओर से सुलेपॉर्न लाओमी ने 3 विकेट झटके।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-इलेवन

भारत- स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, प्रतिका रावल, हरमनप्रीत कौर, भारती फुलमाली, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, क्रांति गौड और नंदनी शर्मा।

थाईलैंड- अपिसरा सुवानचोनराठी, फन्निता माया, नन्नापत कोनचारोएनकाई (विकेटकीपर), नत्थाकन चन्थम, चनिदा सुथिरुआंग, नाओमी हैमिल्टन, सुलेपॉर्न लाओमी, नन्नाफट चाइहान, सुनीदा चतुरोंगरत्तना, ओननिचा कामचोम्फू और थिपाचा पुथावोंग (कप्तान)।

# इंडिया टीम के कैप्टन को हिमाचल में मान्यता नहीं

## स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने शब्द के सर्टिफिकेट ठुकराए; नेशनल वैलिड, इंटरनेशनल नहीं



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल में खेल प्रतिभाओं को लेकर स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट का एक अजीब नियम चर्चा में है। वॉलीबॉल में नेशनल स्तर के सर्टिफिकेट को सरकारी नौकरी के लिए मान्यता दी जा रही है, जबकि इंटरनेशनल स्तर के सर्टिफिकेट को मान्य नहीं माना जा रहा।

यानी जिस खिलाड़ी ने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला, उसके इंटरनेशनल सर्टिफिकेट की खेल विभाग की नजर में कोई मान्यता नहीं है। इस नियम को लेकर खेल विभाग की कार्यप्रणाली और स्पोर्ट्स पॉलिसी पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, हिमाचल के बिलासपुर जिला के 17 वर्षीय होनहार वॉलीबॉल खिलाड़ी शब्द गौतम ने छोटी उम्र में ही देश के लिए चार इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं। चीन में तीन दिन पहले संपन्न अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप में वह भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर खेलकर लौटे हैं। फिर भी हिमाचल के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट की नजरों में वर्ल्ड चैंपियनशिप का सर्टिफिकेट सरकारी नौकरी के लिए मान्य नहीं है।

# बीसीसीआई ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर टीमों से राय मांगी

## 10 फ्रेंचाइजियों के जवाबों से तय होगा, आईपीएल 2027 में नियम बदलेगा या नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम को लेकर आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों से राय मांगी है। टीमों को सोमवार, 31 अगस्त तक अपनी राय देने को कहा गया है। कुछ महीने पहले बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने संकेत दिया था कि आईपीएल 2026 के बाद इस नियम की समीक्षा की जाएगी।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रेंचाइजियों से क्रिकेट संचालन से जुड़े कई मुद्दों पर सुझाव मांगे गए हैं। इनमें इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अलावा पीएमओए, अंपायरिंग, प्रैक्टिस सेशन और खेलने की शर्तें भी शामिल हैं। हालांकि, इम्पैक्ट प्लेयर नियम सबसे अहम मुद्दा बना हुआ है।



**रोहित-विराट समेत कई खिलाड़ी कर चुके विरोध-** इम्पैक्ट प्लेयर नियम की रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत कई प्रमुख भारतीय क्रिकेटर आलोचना कर चुके हैं। उनका मानना है कि इससे गेंदबाजों की भूमिका और टी-20 क्रिकेट में बल्ले-बॉल के संतुलन पर असर पड़ता है।

हालांकि, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने मई में नियम का बचाव किया था। उन्होंने आईपीएल में कम स्कोर वाले मैचों का उदाहरण देते हुए कहा था कि सभी मुकाबले हाई-स्कोरिंग नहीं रहे और गेंदबाजों को भी अच्छी विकेट मिली हैं।सैकिया ने कहा था, सब कुछ हो रहा है,यह एक पैकेज में पूरा गुलदस्ता है।

### फ्रेंचाइजियों की राय के बाद होगा फैसला

सैकिया ने हाल ही में कहा था कि अगर फ्रेंचाइजियां इस नियम को लेकर चिंता जताती हैं, तो बोर्ड इस पर दोबारा विचार करने के लिए तैयार रहेगा। अब सभी 10 टीमों से राय मिलने के बाद बीसीसीआई इन सुझावों की समीक्षा करेगा। बोर्ड इसके आधार पर तय करेगा कि आईपीएल 2027 से पहले इम्पैक्ट प्लेयर नियम में किसी बदलाव की जरूरत है या नहीं। फिलहाल नियम लागू है, लेकिन फ्रेंचाइजियों की राय अगले सीजन में इसके भविष्य को लेकर अहम हो सकती है।

# भारत–बांग्लादेश सीरीज के लिए नई तारीख तलाश रहे बीसीसीआई–बीसीबी

## अगस्त-सितंबर के 3 वनडे और 3 टी-20 फिलहाल टले

**नईदिल्ली (एजेंसी)।**बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष तमिम इकबाल ने रविवार को कहा कि भारत के खिलाफ टली हुई सीरीज के लिए नई तारीख तलाशने पर बातचीत चल रही है। भारत को अगस्त-सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने थे, लेकिन सीरीज फिलहाल टाल दी गई है।

तमिम ने यूट्यूब चैनल 'नॉट आउट नोमान' से कहा, भारत सीरीज नहीं होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है।

### दोनों बोर्ड सीरीज कराने के लिए बातचीत में जुटे

तमिम ने कहा, मैं आपको एक छोटी जानकारी देना चाहता हूं। दोनों बोर्ड इस सीरीज को कराने को लेकर बहुत गंभीर हैं। बीसीसीआई और बीसीबी दोनों नई तारीख तलाश रहे हैं कि इसे कब कराया जा सकता है।उन्होंने आगे कहा, हम लगभग एक तारीख को लेकर भी सोच रहे हैं कि क्या उस समय सीरीज हो सकती है या नहीं। अगर मुझे लगता कि मंशा नकारात्मक है, तो आज मैं आपसे यह नहीं कहता कि देखते हैं क्या होता है, हमें उम्मीद है।उन्होंने कहा, मंशा अच्छी है और हम लगातार बातचीत कर रहे हैं। तारीखों पर भी काम किया जा रहा है, क्योंकि बांग्लादेश भी व्यस्त है और भारत भी व्यस्त है।

सीरीज 2024 में होनी थी- दौरा पहले 2024 में होना था। इसी दौरान बांग्लादेश में सरकार विरोधी आंदोलन हुआ और सरकार बदली। फिर टी-20 वर्ल्ड कप से पहले बीसीसीआई और बीसीबी के बीच तनाव की स्थिति बनी। इसकी वजह से सीरीज टाल दिया गया था। सुरक्षा बड़ा इश्यू- तमीम इकबाल ने बांग्लादेश की विदेश राज्य मंत्री शामा ओबैद इस्लाम से मुलाकात की।



उन्होंने सरकार से कहा है कि वे भारत सरकार से बात करें। उन्होंने भरोसा दिलाने को कहा कि बांग्लादेश में टीम इंडिया पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। हालात सुधरने पर सीरीज संभव- भारत ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को भारत में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन का न्योता दिया है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बातचीत भी हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार दोनों देशों के राजनीतिक संबंध सुधरते हैं, तो मैच का रास्ता साफ होगा।

**मुस्तफिजुर के हटाने पर रिश्तों में तनाव-** आईपीएल 2025 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने बीसीसीआई के कहने पर बांग्लादेश के ऑलराउंडर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से हटा दिया था।इसके बाद अमीनुल इस्लाम की अगुआई में बीसीबी ने टी20 वर्ल्ड कप में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला किया था। इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर की थी।

# पाकिस्तान लॉर्ड्स में 16 साल बाद टेस्ट मैच हारा

## इंग्लैंड 194 रन से जीता, रॉबिन्सन को 8 विकेट; सीरीज में 2-0 की बढ़त

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने पाकिस्तान को लॉर्ड्स टेस्ट में 194 रन से हरा दिया। इसके साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। पाकिस्तान 389 रन का पीछा करते हुए चौथे दिन 194 रन पर ऑलआउट हो गया।

सऊद शकील ने पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 97 रन बनाए। ओली रॉबिन्सन ने दूसरी पारी में 4 विकेट लिए और मैच में कुल 8 विकेट हासिल किए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।पाकिस्तान 2010 के बाद पहली बार लॉर्ड्स में हारा। इससे पहले टीम ने 2016 और 2018 में यहां लगातार दो टेस्ट जीते थे। इंग्लैंड में पाकिस्तान की आखिरी टेस्ट सीरीज जीत 1996 में आई थी।

**14 रन पर 3 विकेट गंवाए-** पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने 14 रन पर ही अजान अवैस, अब्दुल्ला शफीक और बाबर आजम के विकेट गंवा दिए। बाबर 8 गेंदों पर 6 रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद सऊद शकील और शान मसूद ने पारी संभाली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की और करीब चार घंटे तक इंग्लैंड के गेंदबाजों को परेशान किया।



शकील ने 54 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 13 चौके और 2 छक्के लगाए। हालांकि, जोश टंग की शॉर्ट गेंद पर डीप स्क्वायर लेग में कैच देकर 97 रन पर आउट हो गए।

**रॉबिन्सन ने 8 विकेट लिए-** ओली रॉबिन्सन ने दूसरी पारी में 4/24 का प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले टेस्ट की पारी में भी 4 विकेट लिए थे, यानी मैच में उनके नाम 8 विकेट रहे। जोफ्रा आर्चर ने दूसरी पारी में 2 और जोश टंग ने 3 विकेट लिए। रॉबिन्सन ने इस प्रदर्शन के साथ टेस्ट क्रिकेट में एक खास रिकॉर्ड भी बनाया। 23 टेस्ट में उनके 99 विकेट हो गए हैं और उनका गेंदबाजी औसत करीब 19.5 है, जो पिछले 100 साल में कम से कम 20 टेस्ट खेलने वाले गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के 19.79 के औसत से बेहतर है।

**अब्बास ने लॉर्ड्स में पहली बार 5 विकेट लिए-** पाकिस्तान के मोहम्मद अब्बास ने दूसरी पारी में 22 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट लिए। पहली पारी में उन्होंने 4 विकेट लिए थे, यानी मैच में उनके नाम 9 विकेट रहे।36 साल 173 दिन की उम्र में 5 विकेट लेकर अब्बास लॉर्ड्स में टेस्ट की एक पारी में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज एशियाई गेंदबाज बन गए। उन्होंने भारत के वीनू मांकड़ का 74 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। मांकड़ ने 1952 में 35 साल 71 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

# अंकुर ने अपना पहला डब्ल्यूटीटी खिताब और युगल में स्वर्ण पदक जीता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्य ने चेक गणराज्य में आयोजित डब्ल्यूटीटी फीडर ओलोमोक टूर्नामेंट में अपना पहला डब्ल्यूटीटी पुरुष एकल खिताब जीता और आकाश पाल के साथ युगल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करके दोहरी सफलता हासिल की। विश्व रैंकिंग में 78वें नंबर के खिलाड़ी अंकुर ने एकल फाइनल में स्लोवेनिया के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेनी कोजुल को 3–1 (9–11, 11–4, 11–5, 11–6) से हराया। इससे पहले उन्होंने आकाश के साथ मिलकर पुरुष युगल फाइनल में हंगरी के साबा एंड्रास सैंटोसी और पोलैंड के एलन कुलज़िकी ज़ालेव्स्की को 3–1 (11–8, 4–11, 13–11, 11–9) से हराया था। अंकुर के लिए एकल फाइनल की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि कोजुल ने पहला गेम 11–9 से जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि जल्द ही अपनी लय हासिल कर ली और अगले तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुष युगल में अंकुर और आकाश ने पहला गेम 11–8 से जीता, लेकिन सैंटोसी और जालेव्स्की ने दूसरे गेम में 11–4 से जीत हासिल करके स्कोर बराबर कर दिया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com